## न्यूज फ्लैश

### सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में पधारे श्री ज्ञानानंद जी महाराज व प्रेम मंदिर से आई कांता बहन जी



**पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया** सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के छठे दिन स्वामी ज्ञाननंद जी एवं प्रेम मंदिर वाली कांता बहन पधारी एवं उन्होंने अपने सत्संग से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिव विवाह एवं छप्पन भोग का आयोजन भी किया गया जिसमें मुख्य नीति सेन भाटिया, नवीन भाटिया, नीरज भाटिया, एवं करण भाटिया रहे। मॉडल टाउन सनातन धर्म मंदिर पानीपत में पिछले 5 दिनों से मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें क्लश यात्रा शोभायात्रा के बाद छठे दिन स्थल प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें दैनिक हवन एवं पूजन किया जा रहा है एवं शाम के समय एक बहुत ही विशाल महा आरती का आयोजन होता है। महा आरती बहुत ही अद्भुत एवं विशाल होती है जिसे देखने पानीपत से एवं पानीपत से बाहर के श्रद्धालु आ रहे हैं । आरती के पश्चात दैनिक अतुल्य भंडारा श्रद्धालुओं के लिए किया जाता है मंदिर के के प्रधान तरुण गांधी ने आने वाले श्रद्धालुओं का हदय से आभार व्यक्त किया, एवं कहा की 5 दिन से यह कार्यक्रम लगातार व्यवस्थित रूप से चल रहा है मैं मंदिर के सभी सेवादारों का ऋणी हूं जो इस मंदिर की शोभा बढ़ा रहे हैं एवं दिन रात कार्यों में जुटे हुए हैं।

### वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने अलग अलग स्थान से किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।/टीम एक्शन इंडिया** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में नवीन और सचिन उर्फ राजा का नाम शामिल है। दोनों आरोपी नवीन गांव अंनगपुर के रहने वाला है। आरोपी नवीन को क्राइम ब्रांच टीम ने गस्त के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित बाई-पास रोड़ सेक्टर-37 से काबू किया है। आरोपी से बरामद चोरी की मोटरसाइकिल आरोपी ने पलवल के शहर थाना क्षेत्र से चोरी की थी। जिसके संम्बंध में आरोपी क खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धारों में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में थाना सुरजकुण्ड के चोरी का मामले का खुलासा हुआ है जिसमें आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है तथा आरोपी नवीन को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दाना पानी पार्क सेक्टर-3 गुरुग्राम कैनाल के पास से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मोटरसाइकिल को दिल्ली में किसी व्यक्ति से 7000रु में प्रयोग करने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर पूर्व में थाना सुरजकुण्ड औ? एनआईटी में चोरी के मुकदमें दर्ज है। आरोपी ऑटो ड्राइवर का काम करता है। आरोपी को अन्य मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

### जिलाधीश ने सीएम की सुरक्षा कारणों के मद्देनजर ड्रोन की उडान पर लगाया प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिलाधीश अनीश यादव ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर मुख्यमंत्री के 25 व 26 जनवरी को करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन को उड़ाए जाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी।

# पुलिस लाईन मैदान में हुई रिहर्सल

## --उपायुक्त डा. शालीन ने फाईनल रिहर्सल में फहराया राष्ट्रीय ध्वज और ली परेड की सलामी।

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डा. शालीन ने पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में फुलड्रेस रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, एसडीएम दर्शन कुमार, एएसपी दीपक कुमार, पूजा डाबला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न टुकडियों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाईनल अवलोकन किया इससे पहले उपायुक्त डा.शालीन ने पुलिस लाईन परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट का आज फाईनल फुल ड्रैस अभ्यास पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में किया गया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को पुलिस लाईन मैदान अम्बाला शहर में जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरायेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से अम्बाला जिला के स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों, आपातकालीन पीड़ित व हिन्दी आंदोलन के सत्याग्रहियों को सम्मानित भी किया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड डीएसपी अनिल कुमार कर रहे हैं। फाईनल रिहर्सल में जिला पुलिस की टुकड़ी पीएसआई अजय के नेतृत्व में, जिला पुलिस महिला की टुकड़ी में पीएसआई रजनी के नेतृत्व में, राजकीय रेलवे पुलिस पुरूष की टुकडी में एएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में, गृहरक्षी की टुकड़ी ने एसआई कपिल के नेतृत्व में, एनसीसी द्वितीय हरियाणा बटालियन की टुकड़ी ने आरएन कौशिक के नेतृत्व में, एनसीसी गर्ल्ज की टुकड़ी ने ऐशली, एसए जैन स्काउटस की टुकडी ने लविश राजपूत के नेतृत्व में, प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी ने रोबिन के नेतृत्व में तथा पुलिस डीएवी स्कूल अम्बाला शहर के बैंड ने मार्चपास्ट किया।

## अवैध निर्माणों पर विकास प्राधिकरण ने की कार्रवाई



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** जैंत थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में अवैध निमार्णों पर अंकुश लगाने हेतु प्राधिकरण सचिव व विशेष कार्याधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जिसमें कॉलोनी अंतर्गत अवैध निर्माण व हाईवे पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। बुधवार दोपहर मजिस्ट्रेट अजीत सिंह के निर्देशन में विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निमार्णों पर महाबली गरजा। जिसमें निजी विश्व विद्यालय के गेट नंबर एक व दो के मध्य 20 अवैध निमार्णों को महाबली ने ध्वस्त कर दिया। शांति व्यवस्था हेतु जैंत पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा। विशेष कार्याधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि अवैध निमार्णों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण अभियान निरंतर जारी रहेगा। जेई सर्वेश कुमार, जेई मनीष तिवारी, जेई दिनेश कुमार, अनिरुद्ध यादव, अनिल सिंघल, जैंत पुलिस से थाना प्रभारी अजय वर्मा, कौशल यादव, अरवेंद्र प्रताप, ज्योत्षना आदि उपस्थित रहे।

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** वृंदावन एमवीटी गेस्ट हाउस में बौद्ध मनोज कुमार के क्लिनिक के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूरा वृन्दावन राममय हो गया। जय श्रीराम के जयकारों की गूंज से वृन्दावन में रामराज्य हो गया श्री राम जी का प्रशाद हजारों लोगो ने ग्रहण किया। लोगों ने बड़े प्रशन्न होकर दीपावली मनाई और आतिशबाजी की। इस मौके पर योगेश गोस्वामी, नन्द किशोर, बलबन्त सिंह, रवि वर्मा, सुप्रियो सेन, राजू चौहान, जगदीश सिंह, सिद्धि सिंह, केस्टो दादा, बृजेश चौधरी, राजेश चौधरी, प्रमोद कुमार, मुकुन्दा शर्मा, नरेन्द्र सिंह, मोहन सिंह, संजय सिंह, सुबज्ञा रंजन, संजय सिंह गुज्जर, माधव आयुवेर्दा से मनोज आदि उपस्थित थे।

## मथुरा बिजली विभाग में बड़े अधिकारियों के तबादले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** विद्युत विभाग में बडा फेरबदल हुआ है। यह प्रक्रिया आगामी कुछ दिन में और आगे बढ सकती है। इससे विभाग में चहलचल है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा के एमडी आईएएस अमित किशोर ने बिजली अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। इससे विभाग में खलबली मची हुई है।

शहरी विद्युत वितरण खंड के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार का स्थानांतरण इसी पद पर कासगंज किया गया है। कासगंज में तैनात सुरेशचन्द्र रावत को शहरी मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अधिशासी अभियंत शहरी तृतीय विपन कुमार, एक्सईएन सचिन कुमार शर्मा को आगरा भेजा गया है।

## संकल्पः दिनेश शर्मा ने श्री कृष्ण जन्म स्थान आजाद होने तक छोडा अन्न

**संकल्प**

8 श्री कृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे हिंदूवादी दिनेश शर्मा का संकल्प लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** श्री कृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे हिंदूवादी दिनेश शर्मा का संकल्प लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इन्होंने तीन वर्ष पहले एक संकल्प है कि जब तक श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से मस्जिद नहीं हटेगी तब तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे और नंगे पैर ही रहेंगे। तभी से यह कृष्ण भक्ति में डूबे हुए हैं और अपने संकल्प पर कायम है। दिनेश शर्मा के मुताबिक मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज के शिष्य बने हैं तभी से कृष्ण भक्ति में डूबे हुए हैं और यह जहां भी जाते हैं लोग उनसे संकल्प का कारण पूछते हैं। इनका कहना है कि जब तक हमारा देश हिंदू राष्ट्र नहीं बन जाता तब तक देश में शांति की संभावना कम है क्योंकि हिंदू हमेशा से शांतिप्रिय रहे और हिंदू और सनातन धर्म ही इस देश को चलाने में सक्षम है। सनातन धर्म के माध्यम से सभी का साथ सभी का विकास होता है, कई प्रतिष्ठानों द्वारा, कई संस्थाओं द्वारा दिनेश शर्मा को सम्मानित किया जा चुका है।

दिनेश शर्मा ने बताया की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, यह लड़ाई जारी है और उनको भगवान पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि न्यायालय सबूत के आधार पर फैसला देगी।

## मजबूत लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका विषय पर हुई कार्यशाला

**कार्यशाला**

8 डॉ. अखिलेश यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** बलदेव में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा बलदेव मथुरा में 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन जिला मास्टर ट्रेनर, विधानसभा कोऑर्डिनेटर बलदेव डॉ. अखिलेश यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया।



मजबूत लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यशाला में विद्यालय के ईएलसी नोडल प्रभारी जनार्दन राजभर ने पटुका पहनकर स्वागत किया। कैम्पस एंबेसडर शगुन व मीनू रावत ने मैं भारत हूं, भारत है मुझमें चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन बोधन में डा.अखिलेश यादव ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है।जो अन्य तीन संस्थानों परअन्य तीन संस्थाओं की कार्य प्रणाली को निष्पक्ष तथा भ्रष्टाचार मुक्त रखने के लिए उन पर तीखी नजर रखते हुए अंकुश लगाने का कार्य करता है। भरत कुमार ने कहा कि आज मीडिया सनसनीखेज खबरों की तलाश में तथा लोकप्रियता बढ़ाने की होड़ में लोकतंत्र की हत्या जैसा जघन्य अपराध कर जा रहा है। हनी शुक्ला ने कहा कि विपक्ष की मजबूती सुशासन व अच्छे लोकतंत्र की पहचान है ऐसे में मीडिया यदि विपक्ष को नजरअंदाज करता है तो निश्चित लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार होगा। आयशा खातून ने कहा कि लोकतंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाली गतिविधियों पर समाचार पत्र को निश्चित अपना स्पष्ट वक्तव्य लिखना चाहिए। जिससे कि युवा वर्ग अति उत्साह में अपना रास्ता न भटके। इस अवसर पर अवधेश कुमार, बृजेश अग्निहोत्री अमित कुमार प्रियंका मोना खुशी रंजन अश्वनी कुमार आदमी अपने विचार व्यक्त किये।

## नूराकुश्ती में घेर लिया परिक्रमा मार्ग, ग्रामीण परेशान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** तहसील महावन की ग्राम पंचायत पटलोनी के करीब दो दर्जन लोगों ने एसडीएम शास्वत त्रिपुरारी से गांव में परिक्रमा मार्ग पर मिलीभगत से कब्ज कर लेने की शिकायत की। एसडीएम ने ग्रामीणों को जांच करा कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि गांव में दो लोगों के मकान आमने सामने हैं। एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा दिखाते हुए दोनों लोगों ने परिक्राम मार्ग में दीवार खड़ी कर दी। इससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। जबकि परिक्रमा मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमण कर शांत बैठ गये हैं। ग्रामीणों ने खरंजा पर आमने सामने मकान वाले दो उपद्रवियों के द्वारा दीवार लगाने एवं चबूतरा बना कर रास्ता बंद करने की शिकायत की है। एसडीएम शास्वत त्रिपुरारी ने कमेटी गठित कर जांच के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। थाना बलदेव के अंतर्गत ग्राम पटलोनी का है, जहां परिक्रमा मार्ग खरंजा पर अर्जुन सिंह पुत्र रामजी लाल ने खरंजा पर पक्की दीवार लगा दी और सामने पड़ोसी हीरा सिंह पुत्र मुन्नी लाल ने चबूतरा बना लिया है। जिससे आमजनों का निकला मुश्किल हो गया है। शिकायत में कहा गया है कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत भी हुई है लेकिन दोनों पक्ष मानने को तैयार नहीं हुए और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर ईंट बरसाई है। परिक्रमा मार्ग खरंजा पर अवैध कब्जा से दुखी ग्रामीणों ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत करने वालों में, ग्राम प्रधान लाखन सिंह, छोटू चौधरी, पूरन सिंह, महावीर सिंह आदि रहे।

## डेरा सच्चा सौदा के सेवादार करते रहते हैं भलाई के कार्य

**पानीपत... कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया** डेरा सच्चा सौदा के सेवादार लगातार मानवता भलाई के कार्य करते रहते हैं। किसी गरीब कन्या का विवाह करवाना हो या किसी गरीब का मकान बनाकर देना हो ऐसे कई कार्य हैं जो लगातार डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों द्वारा किए जाते हैं इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए सड़क हादसे में घायल हुई महिला को डेरा सच्चा सौदा के 85 मेंबर सदस्य रमेश ढींगड़ा इन्सां ने रक्तदान कर मानवता का फर्ज ज्यादा किया। जानकारी देते हुए डेरा सच्चा सौदा के धर्मवीर कश्यप इन्सां बताया कि उनके पास फोन आया कि सड़क हादसे में गीता नामक महिला घायल हो गई है जिसके इलाज के लिए रक्त की आवश्यकता है तो धर्मवीर इंसा ने तुरंत रमेश इंसान को फोन करके रक्त देने के लिए कहा। समय ना कब आते हुए तुरंत निजी अस्पताल में जाकर रमेश ढींगड़ा इंसा ने महिला के इलाज के लिए रक्तदान किया।

## चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों से पूछताछ

**पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया** सीआईए वन पुलिस टीम ने पानीपत जेल में बंद चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के चार आरोपियों को मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर माननीय न्यायालय से चारों आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल हासिल किया । रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी साहिल निवासी दालमवाल जीन्द, रिंकू निवासी सरेडा हिसार, अजय निवासी खरबला हिसार व अर्जुन निवासी हिसार ने मिलकर समालखा में



चुलकाना रोड पर स्थित दुकान से बीते वर्ष 7 दिसम्बर की रात 3 बैटरी व 3 इन्वर्टर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में राक्सेहडा निवासी राजेश पुत्र रामनिवास की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इनसे चोरी का सामान खरीदने वाले दो आरोपी कबाड़ी को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बलेनो कार, एक देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद, 2 तलवार व प्लास्टिक दाना से भरे 11 कट्टे बरामद कर पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपी साहिल, रिंकू, अजय व अर्जुन ने समालखा में दुकान से बैटरी व इन्वर्टर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे भी स्वीकारा था।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआइए वन पुलिस टीम ने मंगलवार को चारों आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर न्यायालय में पेश किया जहा से चारों आरोपियों को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर पूछताछ की।

आरोपियों ने पूछताछ में दुकान से चोरी की बैटरी व इन्वर्टर कबाड़ी को 35 हजार रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपियों ने ज्यादातर पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए।

## अयोध्या से लौटीं साध्वी ऋतम्भरा का वात्सल्य ग्राम में हुआ स्वागत

**प्राण प्रतिष्ठा**

8 -500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर बना तो प्राण प्रतिष्ठा भी उसी भव्यता और दिव्यता के साथ हुईः ऋतम्भरा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** वात्सल्य ग्राम,राम जन्मभूमि अयोध्या से साध्वी ऋतम्भरा के देर रात लौटने पर वात्सल्य ग्राम में उल्लास पर्व मनाया गया। साध्वी ऋतंभरा के वात्सल्य ग्राम पहुंचने पर शिष्य- शिष्याओं एवं गोकुलम की माताओं ने मुख्य द्वार पर उनका पुष्प मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा 108 दीपों से आरती उतारी। भगवा पताकाओं के बीच आतिशबाजी करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते दीदी मा को मंगल मानस ले गए जहा उन्होंने सर्व मंगला माता का पूजा अर्चन किया। सभी ने उल्लास के साथ खुशियां मनाई नृत्य किया। साध्वी ऋतम्भरा ने बताया कि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से भारत का खोया गौरव फिर से लौट आया है। अयोध्यापुरी अब पूरे विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बनेगी। श्री रामलला के दर्शनों से वर्षो वर्ष का ताप संताप दूर हो गया है और हृदय की दरिद्रता चली गई है। 500 सालों की प्रतीक्षा के बाद मंदिर बना तो प्राण प्रतिष्ठा भी उसी भव्यता और दिव्यता के साथ हुई है। 11 दिन के उपवास और तप के बाद प्रधानमंत्री ने प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा पूजन किया तो ऐसा लगा कि युगों बाद भारत को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं जिन्होंने बहुसंख्यक सनातनी जगत की जन भावनाओं को समझा और उसका सम्मान किया। ऋषियों, मुनियों, शूरवीरों के श्रम और साधना के कारण ही हमको यह दिन देखने को मिला है, बहुत वर्षों का बोझ मेरे हृदय से उतर गया है मेरा वर्षों का आर्तनाद पर्मोल्लास में परिवर्तित हो गया है।

इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा ने वात्सल्य ग्राम वासियों को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई और मिठाई का वितरण किया। देर रात तक चले इस उल्लास उत्सव में सभी ने खूब जमकर के नृत्य किया। इस अवसर पर संजय भैया, साध्वी साक्षी चेतना, साध्वी सुहृदया, सत्यप्रिया, स्वामी सत्याशील, स्वामी सत्यश्रवा, कुलभूषण गुप्ता,साध्वी समन्विता, साध्वी सत्यकीर्ति, साध्वी सत्य व्रता,साध्वी सत्यनिष्ठा, साध्वी सत्यश्रद्धा, साध्वी सत्य मूर्ति, साध्वी सत्य निधि एवं गोकुलम परिवार उपस्थित रहा।

## आर्य पीजी कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**पानीपत , कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया** आर्य पीजी कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा शहर के अंदर रैली निकाली गई। साथ ही सेल्फ ी विद डॉटर प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को अधिकार दो. बेटों जैसा प्यार दो विषय पर पोस्टर भी बनाए गए। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि 2014 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की




शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत से की थी। आज वो अभियान सही अर्थों में चरितार्थ हो रहा है। भारतीय समाज में बालिकाओं के सामने आने वाली असमानताओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण में समान अवसरों की वकालत करता है बल्कि बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को भी बढ़ावा देता है और बाल विवाह, भेदभाव और लड़कियों के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों को उठाता है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद

## 25 जनवरी की रात 8 बजे से 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन एवं आनंद विहार रेलवे स्टेशन की पार्किंग बंद रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के चलते दिल्ली में कई पार्किंग बंद रहेंगी। बताया गया कि 25 जनवरी की रात 8 बजे से 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन एवं आनंद विहार रेलवे स्टेशन की पार्किंग बंद रहेगी। इस दौरान इन पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने की अनुमति नहीं है। ऐसे में सभी को सार्वजनिक परिवहन वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। यात्रियों के उपयोग के लिए पिक-अप और ड्रॉप वाहन रेलवे स्टेशनों के बाहर उपलब्ध रहेंगे।

वहीं, दिल्ली में 26 जनवरी को मेट्रो की टाइमिंग भी बदल गई है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने को लोगों की सुविधा के लिए सभी मेट्रो लाइनों से मेट्रो का संचालन सुबह 4 बजे से होगा। सेवाएं सुबह 6 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी और उसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा।





## 26 जनवरी पर दिल्ली मेट्रो की बदली टाइमिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नईदिल्ली**
26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने बताया कि मेट्रो की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखने को लोगों की सुविधा के लिए सभी मेट्रो लाइनों से मेट्रो का संचालन सुबह 4 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि सेवाएं सुबह 6 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी और उसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा। जिन लोगों के पास गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए वास्तविक ई-निमंत्रण कार्ड या ई-टिकट होंगे, उन्हें स्टेशनों पर सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र दिखाने पर कूपन जारी किए जाएंगे, जो केंद्रीय सचिवालय और उद्योग से बाहर निकलने के लिए मान्य होंगे। डीएमआरसी ने बताया कि कर्तव्य पथ तक पहुंचने के लिए केवल उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन है। वहीं, कूपन इन दोनों स्टेशनों से वापसी यात्रा के लिए मान्य होगा। अधिकारियों ने आगे कहा कि जिन यात्रियों को निमंत्रण कार्ड पर संलग्नक 1 से 9 और वी1 और वी2 के लिए चिह्नित किया गया है, उन्हें उद्योग भवन में उतरना चाहिए।

"इसी तरह, संलग्नक 10 से 24 और वीएन के लिए चिह्नित (निमंत्रण कार्ड के साथ) लोगों को केंद्रीय सचिवालय में उतरने की सलाह दी जाती है। डीएमआरसी ने कहा कि यात्रियों को इसके बारे में सूचित करने के लिए ट्रेनों के अंदर नियमित घोषणाएं भी की जाएंगी ताकि वे अपने बाड़ों तक आसानी से पहुंचने के लिए निर्धारित स्टेशनों पर उतरें।

मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी और उसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा।

## पालतू कुत्ते ने बच्चे को नोचा, जबड़े में जकड़ लिया पैर

**दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में दो वर्ष के बच्चे को कुत्ते ने काट लिया। यह तब हुआ जब एक महिला अपने कुत्ते को गली में टहला रही थी, तभी कुत्ता बच्चे पर झपट्ट गया।

लोगों ने कुत्ते को हटाने की बहुत कोशिश की थी। कुत्ते ने बच्चे का पैर नहीं छोड़ा। बच्चे को बचाने के चक्कर में मां गली में गिर गई। लोगों ने जब कुत्ते को मारा तब उसने बच्चे को छोड़ा। पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में मंगलवार को दो वर्ष के बच्चे को कुत्ते ने काट लिया। यह तब हुआ जब एक महिला अपने कुत्ते को गली में टहला रही थी, तभी कुत्ता बच्चे पर झपट्ट गया।

# दिल्ली में फिर चाकूबाजी, तीखी बहस के बाद युवक की चाकू मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में आपसी बहस के बाद एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली के आनंद पर्वत पुलिस स्टेशन क्षेत्र में बहस के बाद एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में 22 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान कमल के रूप में हुई है जो दिल्ली के पटेल नगर इलाके के पंजाबी बस्ती का रहने वाला था। वहीं, पकड़ा गया आरोपी सूरज डिलीवरी का काम करता है और कमल उसका पड़ोसी था। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी सूरज ने खुलासा किया कि उसकी कमल के साथ तीखी बहस हुई थी जो गाली-गलौज और शारीरिक हिंसा तक बढ़ गई थी।

**वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद**

इस दौरान उसने अपना आपा खो दिया और कमल पर चाकू से वार कर दिया। इसके बाद गंभीर हालत में कमल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज:** पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज के खिलाफ आनंद पर्वत पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही गिरफ्तारी के दौरान अपराध में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।



दिल्ली कांग्रेस की फरवरी को होने वाली प्रतिज्ञा रैली की तैयारी हेतु चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। जिसे मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने संबोधित किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठाः केवल पार्क के हनुमान मंदिर ने किया अखंड पाठ और भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर केवल पार्क ने राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखंड पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर पूरे देश में दीवाली जैसा उत्सव का आयोजन हुआ। राम भक्त जय श्री राम के नारों और भजनों पर झूम रहे थे।

**ढोल-नगाड़ो की थाप पर थिरके राम भक्तः** देशभर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का खुमार लोगों में ऐसा देखने को मिला की सभी रामभक्त बेसूध होकर रामरस में डूबे रहे। ढ़ोल नंगाड़ों की थाप पर थिरकते दिखाई दिये, तो वहीं आसमान भी जय श्रीराम के नारों से गुंजामन हो उठा।



## उमर की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी के लिए टली

**नई दिल्लीः** दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोप में जेल में बंद पूर्व जेएनयू छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दंगों की साजिश में संलिप्तता के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद जेल में बंद है। बुधवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले को स्थगित कर दिया। मामले में सुनवाई के लिए पीठ केवल दोपहर के भोजन तक उपलब्ध थी। पीठ ने कहा, "31 जनवरी को मामले की सुनवाई की जाएगी।

## कलावती हॉस्पिटलः गायन और कविता पाठ समारोह का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** पब्लिक हेल्थ एलाइंस दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कलावती शरण चिल्ड्रन हॉस्पिटल व मुंशी प्रेमचंद लाइब्रेरी कमेटी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस 127वीं जयंती के अवसर पर गायन और कविता पाठ समारोह के रूप में मनाई गई। जिसमें कलावती शरण वर्कर यूनियन और अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए और नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर आधारित कविता गायन प्रस्तुत किया गया। जिसका मंच संचालन लाइब्रेरी कमेटी की मेंबर बबीता यादव द्वारा किया गया। जिससे मुख्य रूप से गायक रमेश पाराशर ,ए.आई.यू.टी.यू.सी के हरीश त्यागी दोबारा कविता के रूप में नेताजी की पूरी जीवनी और आज के राजनीतिक और सामाजिक, आर्थिक और मजदूर कर्मचारियों की दयनीय स्थिति को शब्दों में सम्माहित करते हुए कविता गान किया। सम्मिलित हुए बहुत से कर्मचारियों ने भी गायन और कविता की। जिनमें चंद्रपाल सिंह, जसविंदर लोचव, भोला प्रसाद, पूनम, प्रेम राम, जतिन, प्रतिमा शर्मा, राकेश, शाहिदा खातून, अस्पताल कर्मचारियों ने भी गाने और कविता हिस्सा लिया। विशेष रूप से आमंत्रित नेशनल पब्लिक हैल्थ एलाइंस दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष विजय कुमार ने अपने विचार रखे।

## बारी मार्केट ने किया कई व्यापारियों को सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**फेडरेशन का** सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष व बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों को जय श्री राम का प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर फेडरेशन के वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल, कार्यकारिणी अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव राजेंद्र शर्मा सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित थे।

इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा अध्यक्ष राकेश यादव ने सदर बाजार के सभी व्यापारियों से अपील की जो झंडा, बैनर या किसी प्रकार की भी सामग्री जिस पर श्री राम जी की तस्वीर छपी हो उसे अगले सप्ताह मान-सम्मान से उतर कर संभाल कर या तो अपने घर पर रखें यह मंदिरों में भेजे जिसमें आने वाले समय में उसको फिर से लगाकर आगे इसी प्रकार के कार्यक्रम किया जा सके और इन झंडा, बैनर में श्री राम जी की फोटो छपी है इसकी अनादर ना हो सके। इसको लेकर परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया फेडरेशन अगले सप्ताह से सदर बाजार में एक अभियान चलाएंगे और जो भी झंडा रोड पर लगे हैं, उनको उतार कर मंदिरों में भेजा जाएगा जो झंडे या बैनर खंडित हो गए हैं उन्हें इकट्ठा कर-के उनका उचित समाधान किया जाएगा।

**श्रद्धा...** महायज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

## लाल बाग इलाके में एकादश कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**धर्म** जागरण परिषद् वजीरपुर प्रखंड(कमला नगर जिला, झंडेवाला विभाग) के द्वारा लाल बाग इलाके में एकादश कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गोयल, मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, निगम पार्षद सुशील जोंटी और कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जानकारी देते हुए निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एकादश कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संगम पार्क वार्ड के पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि हमें प्रभुश्रीराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए और सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए हमेशा ही सत्य का साथ दे और सत्य की राह पर चले।



## न्यूज फ्लैश

### सैनिक स्कूल कुंजपुरा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा की मैडम मनजीत कौर व अशोक कुमार की अध्यक्षता में 20 बच्चों के साथ सैनिक स्कूल कुंजपुरा में टिवनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र मिलन कार्यक्रम में सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रिंसिपल ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह और साथ आए हुए सभी स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों का सैनिक स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया।

पीएम श्री स्कूल कुंजपुरा के प्राचार्य सत्यवीर सिंह ने बताया कि इस मिलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सामर्थ्य निर्माण, श्रेष्ठ प्रयासों की पहचान, गुणवत्ता में बुद्धि व दृष्टिकोण का विस्तार करने के उद्देश्य से कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की विभिन्न लैब, संगीत, मेमोरी, अटल टिंकरिंग व विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब आदि का भ्रमण करके नवीनतम तकनीकों के साथ प्रयोग की विधि सीखी। बच्चों ने राइफल शूटिंग व हॉर्स राइडिंग में भी सामूहिक रूप से भाग लिया। दोनों स्कूलों के अध्यापकों ने शिक्षकों के क्षेत्र में अपने अनुभवों को सांझा किया। इस अवसर पर पीएम श्री प्राचार्य सतबीर सिंह, मैडम मनजीत कौर, उमा, पूनम, तुषार राणा, अशोक कुमार, सत्यवान आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### 165वां नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आज** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय 165 वां नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है, ताकि युवा नशे से दूर रह सकें। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सबसे पहले छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी और कहा कि नशे से सबसे अधिक पीड़ित यदि कोई है तो वे नारी शक्ति और वृद्धजन हैं। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति को इस नशे रुपी राक्षस का वध करने के लिए अपने घर से ही नशे को समाप्त करने का अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसमें बहनें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वे भैया दूज और रक्षा बंधन पर अपने भाई से शगुन के स्थान पर एक वचन लें कि भाई जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करेगा। इसी प्रकार अपने पिता और अन्य व्यक्ति को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करें। नशे के दुष्प्रभावों बारे विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि भारत में 90 प्रतिशत अपराधों के पीछे नशा मुख्य कारण है। डॉ. वर्मा ने कहा कि कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि नशे के कारण उसके परिवार की दुर्दशा हो। भारत के अन्य राज्यों में नशे के प्रभाव को देखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2020 में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया है। यह ब्यूरो नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है तो दूसरी ओर नशे का शिकार हो चुके लोगों को पीड़ित मानकर उनका निशुल्क उपचार करा रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने हृदय पर हाथ रहकर शपथ ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देंगे।

# जो भ्रष्टाचार करते हैं, उनके खिलाफ ईडी की जांच होती है: नायब सिंह सैनी

**लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा चलाएगी गांव चलो अभियान, अभियान के जरिए सरकारी योजनाओं की जानकारी हर गांव के हर घर तक पहुंचाएंगी भाजपा**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। तीसरी** बार सरकार बनाने के मिशन को लेकर आगे बढ़ रही भाजपा अब गांव चलो अभियान शुरू करने जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशा निर्देशों पर बुधवार को करनाल स्थित पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को अभियान के लिए प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को हर गांव के हर घर तक पहुंचाना है। कार्यशाला के बाद भगवान विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक हुई, जिसमें योजना के विस्तार को लेकर मंथन हुआ।

बैठक के बाद नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी, एसआरके ग्रुप और पूर्व सीएम हुड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो भ्रष्टाचार करते हैं, उनके खिलाफ ईडी की जांच होती है। हुड्डा साहब से भ्रष्टाचार पर ईडी पूछताछ कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि गांव चलो अभियान के संयोजक डा. पवन सैनी बनाए गए हैं। इसके अलावा राहुल राणा, वेद फूल्ला, समय सिंह भाटी को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों से संपर्क साधने के लिए देशभर में 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान चलाएगी। गांव चलो अभियान को लेकर हुई इस कार्यशाला में अभियान के उद्देश्य के बारे में पदाधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मोदी सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र की तरफ से आए निदेर्शों को भी पदाधिकारियों के सामने रखा।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य इस मेगा अभियान के जरिए जहां एक तरफ सरकार के काम को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है तो वहीं दूसरी तरफ समाज के अंतिम व्यक्ति की बात को पार्टी और सरकार तक पहुंचाना भी है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के बाद पदाधिकारियों के साथ भगवान विश्वकर्मा योजना को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## संवासियों व स्टाफ हेतु जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला की बाल संरक्षण संस्थाओं एमडीडी बाल भवन, फूसगढ़ तथा निरीक्षण गृह कन्या में संवासियों व स्टाफ हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पोक्सो एक्ट व नारी शक्ति के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चियों से पेंटिंग व डांस आदि के कार्यक्रम करवाए गए तथा बच्चों को नारी शक्ति से संबंधित वीडियो दिखाई गई तथा संवासियों को भारत की रोल मॉडल लेडिस के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे उनकी तरह भविष्य में कुछ बनाकर दिखाएं और अपने देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण कार्यालय से सुमन नैन (पीओआईसी) व बाल संरक्षण संस्थाओं का स्टाफ उपस्थित रहा।

## ड्राइवर को चलती बस में आया हार्ट अटैक, फुटपाथ से टकराई, कंडक्टर ने रोकी बस



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल में** चलती रोडवेज बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। घरौंडा में बस फुटपाथ से टकरा गई। ड्राइवर ने बस को कंट्रोल करने की कोशिश की। ड्राइवर की तबीयत बिगड़ती देख कंडक्टर तुरंत पिछली सीट से आगे आया और बस का स्टीयरिंग संभाल लिया। बस ड्राइवर प्रताप का पैर एक्सीलेटर पर था, जिससे बस तेजी से दौड़ रही थी। बस में सवार कुछ युवकों ने ड्राइवर को सीट से हटाया और उसके बाद कंडक्टर नरेंद्र ने स्टीयरिंग संभाला। करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर जाकर बस रुकी। तुरंत डायल-112 को कॉल किया गया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की इआरवी में ही ड्राइवर को अस्पताल में पहुंचाया गया। घटना मंगलवार-बुधवार रात करीब 1 बजकर 55 मिनट की है। हरियाणा रोडवेज के पलवल डिपो की बस मंगलवार रात सवा 11 बजे चंडीगढ़ से चली थी। जैसे ही घरौंडा क्रॉस किया तो झज्जर के रहने वाले ड्राइवर प्रताप को हार्ट अटैक आ गया। कडक्टर नरेंद्र ने बताया कि बसताड़ा का टोल क्रॉस हो चुका था। बस में लगभग 20 सवारियां थीं। अचानक से प्रताप को अटैक की शिकायत हुई और बस का संतुलन बिगड़ गया और फुटपाथ से बस टकरा गई। मैं पीछे सीट पर बैठा हुआ था, मैं तुरंत सचेत हो गया। ड्राइवर के पास आया और तो वह बेसुध अवस्था में था। बस स्पीड में थी, मैंने स्टीयरिंग को पकड़ लिया।

## 'राम मंदिर के संकल्प को पूरा किया'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण विधानसभा के गांव उग्राखेड़ी में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी विजय जैन ने गांव वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह से राम मंदिर के संकल्प को पूरा किया है। यह सब सदियों के अखण्ड तप और त्याग का ही परिणाम है कि भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो पाई है। अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक है जो सदियों तक रहेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सोच से ही आज उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को धुंऐ से मुक्त किया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत लोगों को ईलाज के मामले में लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## मां शाकुंभरी देवी के जन्मोत्सव पर एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम कार्यक्रम आज

**श्री देवी मंदिर में जुटेंगे नामी भजन गायक, तैयारी पुरी**

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मां** शाकुम्भरी सेवा मंडल द्वारा माता शाकुंभरी देवी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को शाम 4 बजे श्री देवी मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है। मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम में चुलकाना धाम के पुजारी देवेंद्र एवं ब्रह्मचारी जी महाराज श्री अव्यय नंद का पावन सानिध्य रहेगा। वहीं प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा, प्रियंका मालरा, हेमा ठाकुर ,जतिन जिंदल, मनोज पांचाल महामाई का गुणगान करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महीपाल ढांडा ,प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय जैन ,कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ,समाजसेवी ईश्वर गोयल,समाजसेवी सत्यनारायण रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में महंत बेबी शर्मा ,वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल ,समाजसेवी जय भगवान ,कुणाल जैन ,सुरेश शर्मा ,पूरन शर्मा ,सुरेंद्र गोयल ,प्रवीण कंसल, पवन बंसल, प्रमोद मित्तल ,जयकुमार बिंदल, एडवोकेट सुनील वर्मा ,महेंद्र गोयल ,प्रवीण गुप्ता ,ईशम कुमार पांचाल, नीरज गोयल, पीयूष अग्रवाल, विकास गुप्ता ,प्रमोद कश्यप शिरकत करेंगें। कार्यक्रम में चाय सेवा श्री श्याम द्वादशी सेवा मंडल के प्रधान मनीष मित्तल, जोड़ा सेवा चरण पादुका सेवा प्रधान महेंद्र धीमान, तिलक सेवा जय मां बनभौरी सेवा दल संस्था प्रधान संजय मंगला करेंगें। प्रधान महेंद्र गोयल ने बताया कि भंडारी रविंद्र गोयल, सहभंडारी सुमित तायल, विकास जिंदल, संजय गर्ग ,अमित मित्तल, जग मोहन, दिनेश कुमार, राजकुमार, गौरव गर्ग ,सुल्तान, राजकुमार मेहता, सत्यवान शर्मा, पंकज गर्ग ,अशोक ,विक्रम गोयल, गुलशन, विवेक मलिक, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू सेन, अनुज कुमार, भरत कुमार ,रवि गोयल ,विजेंद्र शर्मा, अशोक गर्ग ,मुकेश गुप्ता ,गुलशन सहगल ,मनीष कुमार, अंकित कुमार, जयकुमार पांचाल एवं दीपक तायल आदि सेवा करेंगे।

## स्मार्ट सिटी के अंतर्गत करनाल जिला को 33.88 करोड की 7 परियोजनाओं की मिली सौगात

**जिलास्तरीय कार्यक्रम में हरविंद्र कल्याण और रामकुमार कश्यप रहे मुख्यतिथि हॉकी स्टेडियम समेत पांच परियोजनाओं का किया गया उद्घाटन**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**स्मार्ट** सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत बुधवार को करनाल जिला को 33 करोड़ 88 लाख रुपये की 7 परियोजनाओं की सौगात मिली। इन सभी का उद्घाटन व शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअली जुडकर किया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कैलाश गांव में स्थित हॉकी स्टेडियम सहित 5 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया जबकि 2 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आए दिन उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत करनाल जिला को बेहतरीन सौगात मिली है। इससे आमजन को काफी लाभ मिलेगा।

**निर्माण**

**8 कैलाश गांव में अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित हॉकी स्टेडियम का निर्माण किया गया है**

उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व का विषय है कि कैलाश गांव में अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से सुसज्जित हॉकी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस स्टेडियम की मदद से भविष्य में बेहतरीन खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकेगा, जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और हरियाणा का नाम विश्वपटल पर रौशन करेंगे। विधायक ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की कमान संभाली है, निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, यह विकास का सफर आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और प्रदेश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि करनाल जिला को 33 करोड़ 88 लाख की 7 विकास परियोजनाओं से आमजन को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल क्षेत्र के लिए निरंतर विकास परियोजनाओं का तौहफा दे रहे हैं।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में विश्व शिक्षा दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य रहे और विशिष्ट अतिथि स. नरपेंदर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान ने की। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मंच संचालन डीपी जगदीश आर्य ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा विकास की धूरी है शिक्षा के बल पर ही कोई देश विकसित राष्ट्र बन सकता है। इसलिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही बालिकाओं को सम्मानित स्थान प्राप्त है। भारत में कोई भी मांगलिक कार्य बालिकाओं और महिलाओं के बिना पूर्ण नहीं होता। प्राचार्य सत्यवान आर्य ने कहा कि समाज और परिवारों को बालिकाओं का सम्मान बढ़ाने बेटा बेटी के बीच भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए ही राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

### संकल्प सभा ट्रैक्टर परेड कार्यक्रम की तैयारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**किसान** भवन में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकल्प सभा ट्रैक्टर परेड कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन जिला पानीपत की बैठक किसान यूनियन के जिला प्रधान सूरजभान रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के संयोजक जयकरण कादियान, सह संयोजक सुनील दत्त, किसान सभा के जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक, एटक राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप, सर छोटू राम भारतीय किसान यूनियन के राज्य महासचिव हरेंद्र राणा, उप प्रधान आजाद सिंह बैरागी, इसराना ब्लॉक के उप प्रधान अजमेर सिंह कुहाड़, राजवीर , राजेश , पानीपत ब्लॉक प्रधान करण सिंह व राजपाल आदि मौजूद रहे।

## कमरे में जिंदा जला यूपी का युवक, साक्ष्य जुटाए



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के खेड़ी मानसिंह गांव में यूपी का रहने वाला युवक जिंदा जल गया। सुबह जब लोग युवक के कमरे में गए तो वह आग से पूरी तरह से झुलस चुका था और कमरे में रखा सारा सामान भी जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलते ही एफएसएल व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आज शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया। इंद्री थाना के प्रभारी अजैब सिंह ने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि खेड़ी मानसिंह गांव में एक युवक ने सुसाइड कर लिया, लेकिन जब वह मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत आग लगने के कारण हुई थी। मृतक की पहचान यूपी के वाराणसी निवासी 24 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। घटना की सूचना परिवार के लोगों को दे दी गई थी। अजैब सिंह ने बताया कि पिछले करीब 4 साल से दीपक गांव खेड़ी मानसिंह में ही साहिल भट्ठा कंपनी में काम कर रहा था और यहीं पर ही अकेला कमरे पर रहता था। उन्होंने बताया कि दीपक शराब पीने का भी आदी था। अक्सर व शाम को शराब पीकर ही सोता था।

उन्होंने बताया कि भट्ठा पर मौजूद मजदूरों की मानें तो सोमवार देर रात को ही दीपक अपने कमरे में गया था। ठंड ज्यादा थी तो वह गैस जलाकर हाथ सेंक रहा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी दौरान शायद दीपक ने शराब पी रखी थी और नशे की हालत में उसके कपड़ों में आग लग गई, लेकिन उसे पता नहीं चला।

## नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 व 15 में पहुंची संकल्प यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया करनाल/राजकुमार प्रिंस। नगर** निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 व 15 में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान दोनों ही वार्डों में स्थानीय लोगों ने इस यात्रा का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वार्ड नम्बर 15 में मेयर रेनू बाला गुप्ता व वार्ड नम्बर 12 में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मेयर ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के लोगों के हितों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में वर्तमान में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि अंतिम और पात्र व्यक्ति तक सरकार की हर योजना का लाभ पहुंचे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी घर द्वार पर ही जाकर प्रत्येक पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देना है। इस दौरान वार्ड पार्षद युद्धवीर सैनी ने उपस्थित लोगों को संकल्प शपथ भी दिलाई। वार्ड नम्बर 12 में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो सपना देखा है, उसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस तरह राम मंदिर के संकल्प को पूरा किया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह की फाईनल रिहर्सल में एसपी ने बतौर मुख्य अतिथि किया ध्वजारोहण

**गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसकी गरिमा के अनुसार समारोह स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की जाए**



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**75वें गणतंत्र** दिवस समारोह की फाईनल रिहर्सल बुधवार को पुलिस लाईन में आयोजित की गई। फाईनल रिहर्सल में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इससे पहले पुलिस अधीक्षक शहीदी स्मारक गए, वहां उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया।

फाईनल रिहर्सल में उपायुक्त अनीश यादव ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा समारोह स्थल के प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसकी गरिमा के अनुसार समारोह स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की जाए तथा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

उपायुक्त ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाईन में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि

**समारोह**

**8 शशांक कुमार सावन ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया**

मुख्य अतिथि शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्रअर्पित करने के उपरांत प्रातः 9 बजकर 58 मिनट पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे तथा अपना शुभ संदेश देंगे। इसके उपरांत मार्च पास्ट होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि मंच पर विराजमान युद्ध वीरांगनाओं व वीर शहीदों के परिजनों को शाल भेंटकर सम्मानित करेंगे। इसके उपरांत सामूहिक मास पीटी शो होगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत गुरूकुल नीलोखेड़ी के बच्चों द्वारा मलखम्ब की प्रस्तुति से की जाएगी। इसके बाद डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, ओपीएस विद्या मंदिर, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल तथा विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद हरियाणा स्वैट कमांडो शो व मोटरसाईकिल डेयर डेविल शो का प्रदर्शन किया जाएगा।

## आने वाले समय में जनता गुमराह करने वाले नेताओं को सबक सिखाएगी: हरविंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि सरकार समाज हित में कानूनों में अब तक हुए बदलावों के नतीजतन लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने लगा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अच्छे कार्यों में भी सहयोग न करके लोगों को भडकाने का काम करता है। कृषि कानून के मामले में भी ऐसा ही हुआ। कृषि कानून कांग्रेस के समय में बनाए गए थे, लेकिन उस समय की सरकार में इन्हें लागू करने की इच्छा शक्ति नहीं थी। इन कानूनों में वही था, जो कभी चौधरी चरण सिंह, चौधरी छोटू राम और महेंद्र सिंह टिकैत ने कहा था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हें लागू किया तो विपक्ष ने किसानों को भडकाने का काम किया। आने वाले समय में जनता गुमराह करने वाले नेताओं को सबक सिखाएगी।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि इन लोगों को 20 साल से करनाल की कंडम चीनी मिल दिखाई नहीं दी। आखिर मिल को भाजपा सरकार ने 250 करोड़ रुपये की लागत से बनवाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे नेताओं से सावधान रहें जो झूठे नारे देकर जनता को गुमराह करते हैं। विधायक आज जिला के गांव खिराजपुर और डबरकी कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

# संपादकीय

## बिराजे रामलला निज धाम

**पाँच** शताब्दियों के अथक संघर्ष व प्रतीक्षा के पश्चात प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, भव्य एवं दिव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए । प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही संपूर्ण विश्व में उल्लास व उत्सव का सहज वातावरण बन गया, जो जिस स्थान पर था उसने उसी स्थान को अयोध्या बना लिया । रामलला के निज धाम में बिराजते ही भारत के कोने कोने में ऐसा स्वतः स्फूर्त, भक्तिमय उत्सव आरम्भ हुआ जो कल्पनातीत है झ सारे पर्व एकरस होकर रामपर्व हो गए झ कहीं होली खेली जा रही थी, कहीं भजन मंडली बैठी थी, कोई प्रभु की रथयात्रा निकाल रहा था, कोई न्योछावर लुटा रहा था और सब दीवाली मना रहे थे। आह्लादकारी पल, नयन प्रेमाश्रुओं से भरे, जिह्वा पर जय श्री राम। चारों दिशाएँ राम नाम के गुंजन के हर्षित थीं। आयु-लिंग, वर्ग, जाति सभी भेद मिट गए थे झ जो थे बस सनातनी थे, राम भक्त थे। प्रसन्नता में लोग मानों सुध बुध खो बैठे हों । अपरिचितों को अपने हाथ से लड्डू खिला रहे हैं । रामधुन पर नाच रहे हैं । यह भारतीय जनमानस में प्रभु राम का स्थान है, प्रभाव है उनके प्रति स्नेह है, समर्पण है। राम ही आधार हैं । जन्मभूमि पर बने भव्य दिव्य मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही करोड़ों आस्थावान हिन्दुओं का श्री राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ संपन्न हुआ है।सनातन समाज की अभिलाषा पूरी हुई है। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने से हिंदू सनातन समाज को एक नई ऊर्जा मिली है जो उसको अनंतकाल तक चैतन्य रखेगी। सनातन धर्म तथा संस्कृति की पुनर्स्थापना के इस अद्वितीय उत्सव ने राष्ट्रीय चेतना को एक नई दृष्टि दी है। प्रभु श्री राम के अभिवादन के लिए संपूर्ण हिंदू सनातन समाज एकाकार हो गया और दीपोत्सव मनाने के लिए जात- पात, ऊंच -नीच की सभी दीवारें ढह गयीं। जो लोग पहले फोन पर राम -राम कहने पर हिचकते थे अब फोन पर राम -राम, जय श्री रामलला बोलकर अभिवादन कर रहे हैं । निश्चय ही अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजमान हो जाने और समाज के इस उल्लास को देखने के पश्चात हमारे पूर्वज भी अपने दिव्य धाम में आनंद मना रहे होंगे । 22 जनवरी 2024 का दिन मानों कलयुग में त्रेता युग की झांकी दिखा रहा था। एक ऐसा पावन दिन जो शताब्दियों से प्रतीक्षित था अतः दीपोत्सव का आयोजन भी उसी के अनुरूप हुआ। रामराज्य का स्वप्न साकार होता दिख रहा है। आध्यात्मिक चेतना का उदय हुआ है। भगवान राम धर्म, जाति, देश और मानव निर्मित अन्य पहचानों से परे हैं। इन विषयों से जुड़े मतभेदों को भूलकर श्री राम के आदर्शों पर चलना ही रामराज्य की ओर बढ़ना है। प्रभु श्रीराम का जीवन व उनके आदर्श ही भारत की विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनने की आकांक्षा पूरी कर सकते हैं। प्रभु श्री रामलला के विराजने से प्रत्येक व्यक्ति भावुक हो रहा है, आनन्द संतृप्त होकर राममय हो रहा है।

समस्त सनातन समाज ने अपरिमित धैर्य का परिचय देते हुए इतने लंबे कालखंड तक धैर्य रखा और आज प्रतीक्षित घड़ी आने पर वह उत्सव की सीमाएं लांघ जाना चाहता है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या नगरी देवलोक सी लग रही है । यहाँ पधार रहे रामभक्तों का रोम- रोम पुलकित है।अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सनातन की विजय का अवसर है किन्तु सनातन की मयार्दा का स्मरण कराते हुए प्रधानमंत्री जी ने इसे विनय का पल मानने का आह्वान किया है साथ ही इस दिन को भारत के लिए मानसिक व वैचारिक गुलामी से स्वतंत्रता दिलाने का मार्ग प्रशस्त करने वाला दिन भी बताया।

# विकसित भारत और भारत लोकतंत्र की मातृत्व



किशन सनमुखदास

"साथियों बात अगर हम दिनांक 23 जनवरी 2024 को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की करें तो, इस साल याने 2024 में, 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले परेड के लिए रिहर्सल 28 दिसंबर 2023 से शुरू हो चुकी है। 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंगलवार को कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें महिला जवानों ने जहां बाइक पर करतब दिखाया तो वहीं आसमान में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने भारत की ताकत दिखाई। इस दौरान कई राज्यों की झांकी निकाली गई"

**वैश्विक** स्तरपर आज पूरी दुनिया देख रही है कि कभी 200 वर्षों से अधिक समय तक अंग्रेजों की हुकूमत की गुलामी में सांस ले रहा भारत को का ऐसा ढंग का बज रहा है कि शासन देश पर ही मूल भारतीय शासन कर रहा है जबकि आजादी के बाद से ही भारत के सपूतों ने नई-नई गाथाओं के आधार के माध्यम अध्याय जोड़ने चले गए और उसे गाथा का कारवां आज इतनी तेजी पकड़ चुका है कि विश्व गुरु बनने से भारत को कोई नहीं रोक सकता आजादी के बाद भारत ने गाथाओं की कड़ी में 26 जनवरी 1950 देश भर में संविधान लागू हो गया था। इसलिए हर वर्ष 26 जनवरी को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं इसके पहले 22 जनवरी 2024 को छह श्रेणियों के बहादुर बच्चों को पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया है। इसी तरह सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी 2023 को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई और अब 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसकी फुल ड्रेस रिहर्सल आज 23 जनवरी 2023 को पूरी तैयारी के साथ की गई जो, 28 दिसंबर 2023 से शुरू हुई थी। बता दें 75 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रोंस को आमंत्रित किया गया है। चूंकि 75 वा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को विकसित भारत और भारत लोकतंत्र मातुका है, इस थीम पर मनाया जा रहा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद का पालन कर न्याय, समानता,बंधुत्व के आदर्श का पालन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारतीय गणतंत्र दिवस की करें तो, 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था और भारत एक लोकतांत्रिक व संवैधानिक राष्ट्र बन गया.यही वजह है कि हर साल इस खास दिन की याद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।हर साल की तरह इस साल भी 26 जनवरी के दिन देशभर में गणतंत्र दिवस बेहद धूमधाम से मनाया जाएगा। ये दिन भारत के हर नागरिक के लिए गौरव और खुशी का दिन होता है। भारतीय कहीं भी रहें, वो गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस मनाना कभी नहीं भूलते।

साथियों बात अगर इस दिन के इतिहास की करें तो 26 जनवरी के दिन ही1950 में देश का संविधान लागू हुआ था। ऐसे में इस दिन हर कोई देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आता है। देश आजाद होने के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपनाया था. इस वर्ष देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद संविधान निर्माण की तैयारी शुरू हो गई। इसके लिए भारतीय संविधान सभा का गठन हुआ और 26 जनवरी 1949 को संविधान को अपना लिया गया।हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गयाथा। बता दें कि भारतीय संविधान हाथ से लिखा गया था, जो आज भी संसद की लाइब्रेरी में सुरक्षित है.', इसे तैयार करने में दो साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा था। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा हाथ से लिखा हुआ संविधान कहा जाता है। 24 जनवरी 1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर साइन किए गए थे। फिर इसके दो दिन बाद यानी 26 जनवरी को देश भर में संविधान लागू हो गया।भारतीय संविधान की ये कॉपियां हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में हाथ से लिखी गई हैं।आज भी ये कॉपी संसद भवन की लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी हुई हैं। हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए 200 वर्षों से भी अधिक समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। हम सबको यह प्रतिज्ञा करनी होगी कि हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाना होगा। भारत देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाएंगे। हम सब मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करेंगे और सबको समान रूप से जीने का अवसर प्रदान करेंगे। हमें अपने सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि आगे बढ़ने के लिए उन्हें हल किया जा सके। इस वर्ष हम 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। गणतंत्र का अर्थ है देश में रहने वाले लोगों की सर्वोच्च शक्ति और केवल जनता को ही देश को सही दिशा में ले जाने के लिए अपने प्रतिनिधियों को राजनीतिक नेता के रूप में चुनने का अधिकार है। भारतीय संविधान की शक्तियों के कारण ही हम देश में अपने पसंद का प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं को चुन सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 जनवरी 2024 को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की करें तो, इस साल याने 2024 में, 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले परेड के लिए रिहर्सल 28 दिसंबर 2023 से शुरू हो चुकी है। 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंगलवार को कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें महिला जवानों ने जहां बाइक पर करतब दिखाया तो वहीं आसमान में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने भारत की ताकत दिखाई। इस दौरान कई राज्यों की झांकी निकाली गई। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान आईएएफ के एसयू-30 एमकेआई फाइटर जेट्स ने एक फॉर्मेशन में फ्लाइपास्ट किया। कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान भारतीय वायु सेना के जांबाज जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन किया। बता दें 26 जनवरी को परेड सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होगी।75वें गणतंत्र दिवस की थीम विकसित भारत और भारत लोकतंत्र की मातृका है। गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी भी मार्च करेगी। मंगलवार को बीएसएफ की महिला डेयर डेविल्स टीम ने कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान प्रदर्शन किया। कर्तव्य पथ पर मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय की झांकी प्रदर्शित की गई। इसने सभी की मन मोह लिया।छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की मुरिया दरबार और बड़े डोंगरे की लिमऊ राजा के थीम पर आधारित है। छत्तीसगढ़ की झांकी को आदिवासी समाज की शिल्पकला से सजाया गया है। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान झांकी के जरिए आदिम जाति और जनजातीय समाज के लोकतांत्रिक चेतना को दिखाने का काम किया गया।जय हरियाणा, विकसित हरियाणा गीत की गूंज मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सुनाई दी। दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का मौका था, जिसमें हरियाणा की झांकी को लगातार तीसरी बार शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा की झांकी में बालिका शिक्षा की प्रमुखता को दिखाती हुई झांकी दिखाई गई. इसमें एक स्कूली छात्र का स्टेच्यू स्कूल ड्रेस में हाथ में पेन लेकर झांकी के आगे बैठा दिखा।महाराष्ट्र की झांकी में छत्रपति शिवाजी और मां जीजाबाई को दिखाया गया, झांकी में संदेश दिया गया कि शिवाजी अगर हिंदवी स्वराज के छत्रपति बने तो इसमें सबसे अहम भूमिका उनकी माता जीजाबाई की थी।उनके बिना वे इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते।नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड-2024 में निकलने वाली झांकियों में राजस्थान की झांकी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी। मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल राजस्थान की झांकी में घाघरा चूनर ओढ़कर पारंपरिक घूमर नृत्य कर रही महिला का स्टेच्यू दिखाया गया. झांकी के जरिए राजस्थान की रंगीली संस्कृति, वैभव और उल्लास का प्रदर्शन किया गया।




# कविता

## लौट कर नहीं आती परछाइयां।

उगते सूरज और धूप में
बनती कभी उभरती परछाई
लौटती नहीं,
सांझ होते ही लुप्त हो जाती,
काली स्याह परछाइयों की
कोई छवि नहीं होती,
सदैव निर्विकार होती हैं
परछाइयां,
परछाइयों के कोई विचार, शब्दावली नहीं होती,
केवल ओझल होने
वाली सीमाएं होती हैं,
केवल उजालों की स्मृतियां
शेष रह जाती हैं,
हवा को दोनों हाथों से
नहीं समेट सका है कोई,
यादों की तरह परछाइयां भी
उड़ जाती हैं हवाओं में,
सूखी नदियां कभी
समंदर में नहीं मिलती,
छलकता पानी ही मिल पाता है,
छूट जाती है रेत बहुत पीछे,
इसी तरह आकाश की
कोई परछाई नहीं होती,
शायद बिंब भी नहीं,
लबालब नदी में पैरों के
निशान नहीं बनते,
बहते पानी में नहीं
लिख सकते नाविक का नाम

संजीव

## मनन जीवन की उत्कृष्टता का सन्मार्ग

संजीव

**साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृ**ष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है।

# विचार

## गणतंत्र दिवस पर याद रखना इन बालवीरों को

**आर.के. सिन्हा**

**हर साल जनवरी का** महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियों बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया। बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल वायुसेना नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लालकिला, पुरानाकिला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है।

गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह अपने इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें। आमतौर पर इनका संबंध देश के सुदूर इलाकों में रहने वाले निर्धन परिवारों से ही होता है। इन्हें हर संभव प्रोत्साहन की दरकार होती है। यह सब देश के नौनिहाल होते हैं। इनके प्रति ठंडा रूख रखना गलत है। अब तक विभिन्न राज्यों से करीब एक हजार से भी अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2018 के बाद से भारत सरकार का बाल विकास मंत्रालय स्वयं इन बच्चों का चयन करता है अब यह राष्ट्रीय पुरस्कार वीरता श्रेणी के अतिरिक्त खेल, मनोरंजन, विज्ञान अनुसंधान, आदि अन्य अनेक श्रेणियों में भी बाल प्रतिभाओं को दिए जाने लगे हैं। अब देश में कितने लोगों को याद है कि पहला बालवीर पुरस्कार हरीश मेहरा नाम के बालक को मिला था। अब हरीश मेहरा करीब 80 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। वे दिल्ली में ही रहते हैं। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचाया था। वह तारीख थी 2 अक्तूबर,1957। स्थान था दिल्ली का रामलीला मैदान। शाम के सात बजे थे। उस दिन हरीश मेहरा राजधानी के रामलीला मैदान में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान वलंटियर की ड्यूटी दे रहे थे। वीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर पंडित नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, केन्द्रीय मंत्री बाबू जगजीवन राम वगैरह भी उपस्थित थे। तब ही उस शामियाने के ऊपर तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं जिधर तमाम नामवर हस्ति?ां बैठीं थीं।

वे तुरंत 20 फीट ऊंचे खंभे के सहारे उस जगह पर चढ़ने लगे जिधर आग लगी थी। उनके पास स्काउट का चाकू भी था। जिधर से आग फैल रही थी, वहां पर पहुंचकर उन्होंने उस बिजली की तार को अपने चाकू से काट डाला। इस सारी प्रक्रिया को अंजाम देने में मात्र पांच मिनट का वक्त लगा। उस शामियाने के नीचे बैठे तमाम आम और खास लोगों ने हरीश मेहरा के अदम्य साहस और सूझबूझ को देखा। पर इस दौरान उनके दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## हर सफल व्यक्ति नाकामियों से ही कुछ न कुछ सीखता है

विजय गर्ग

**पिछले वर्ष के अंत में ह**ममें से बहुत सारे लोगों ने कई छोटे-बड़े संकल्प लिए होंगे। कई योजनाएं बनाई होंगी। कई सपने देखे होंगे। नए-नए विचारों को पाने के लिए नए विकल्प तलाशे होंगे। हमने तय कर लिया होगा कि नए वर्ष के शुरू होते ही हम नई ऊर्जा के साथ अपने संकल्पों की यात्रा को यादगार बनाएंगे। नए वर्ष के आते ही हमने उस पर अमल करना शुरू भी कर दिया होगा। पर सप्ताह भर बीतते-बीतते हमारे संकल्पों के सारे तटबंध टूटने लगे होंगे। जीवन के वास्तविक धरातल पर रहकर हमने अपनी आंखों से देखे कि किस तरह से संकल्पों का अवसान होता है। कैसे सिर्फ नाम के लिए किए गए संकल्प दरकिनार हो जाते हैं। यह जिंदगी का उसूल है कि संकल्प को पूरा करने के अवसर बहुत कम मिलते हैं। इसके विपरीत संकल्पों को तोड़ने उसे पूरा न होने देने के लिए अवसर बहुत होते हैं। अक्सर ऐसा ही होता है जब हम कोई नया काम शुरू करने को होते हैं, तो उसमें हिम्मत बंधाने वाले कम, लेकिन अड़ंगा लगाने वाले कई लोग सामने आ जाते हैं। कई लोग तो भविष्यवाणी तक कर देते हैं कि इस काम में आप कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। कई लोग ऐसे दावे लिखकर भी दे देते हैं। पर बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो हमारे सिर पर अपना हाथ रखकर अपने होने का अहसास दिलाते हैं। ऐसे लोगों की बदौलत ही हम उस काम को शुरू करते हैं और यह तय है कि वह काम धीरे-धीरे अपनी पहचान बनाता है। इसलिए शुरू में कामयाबी नहीं मिलती। इसमें धैर्य रखना होता है। हालांकि यह सच है कि लोगों के उलाहने सुनकर कई बार धैर्य भी धराशायी होने लगता है। यही समय होता है, जब हमें संभलने की आवश्यकता होती है। अगर इस समय नहीं संभल पाए, तो समझ लेना चाहिए कि हम कामयाबी को छूकर लौट आए। अगर हमने नया काम शुरू किया है और लोग हमारी आलोचना कर रहे हैं, हमें फटकार रहे हैं, काम करने से रोक रहे हैं, तब हमें यह समझना चाहिए कि हम निश्चित रूप से कुछ ऐसा कर रहे हैं, जो पहले कभी नहीं हुआ। इस दौरान हम एक छोटा-सा संकल्प ले सकते हैं कि अपने काम से काम रखेंगे दुनिया वाले कुछ भी कहें, हम अपना रास्ता नहीं छोड़ेंगे। बस यहीं यह शुरू हो जाता है... हमारी कामयाबी का सफर।

## हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी आपको प्रणाम!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**हे मे**रे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आपको प्रणाम है। आप केवल युनिवर्सिटी नहीं स्कूल, कॉलेज या यूँ कहें कि महान टीचर हो। क्योंकि आप जहाँ-तहाँ हमारा ज्ञानोदय कर देते हैं। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी!! पिछले कई वर्षों से आप जात-पात, धर्म, रंग, भाषा से लेकर न दिखाई देने वाले तत्व तक बराबर छाये हो। इससे सबकी हथेलियों में आप छाए हुए हो। अतएव आपको प्रणाम है। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप ही डॉक्टक हो, आप ही पुलिस। आप ही हमारे चिकित्सक हैं, आप ही हमारे रक्षक हैं। आपको प्रणाम है। आप सभी सवालों के जवाब हैं! बेरोजगारी हो फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी पर अंगुलियाँ चलाएँ। भुखमरी हो फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी! में खा लें। बहिनों के साथ बलात्कार हो रहा हो या नंगी घुमाई जा रही हों फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी! देख लें। खुशी मिलेगी कि हमारे यहाँ से ज्यादा फलाना राज्य में ऐसी घटनाएँ अधिक हो रही हैं। यह सब पढ़ और देख लेने से व्हाट्सप युनिवर्सिटी हमारी मृत या बलत्कृत बहिनों को पहले जैसा या फिर जिंदा कर देता है। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप बड़े से बड़े संकट को चुटकियों में हल कर देते हो। अब हमें पुस्तकालयों की जरूरत नहीं है। न हमें सच को पता लगाने की जरूरत है। किसने फॉरवर्ड किया, क्यों किया, कब किया से हम कब के उठ चुके हैं। हमें इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि हमारे पास व्हाट्सप युनिवर्सिटी है। आपको प्रणाम है। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आपको देखने के बाद देश चमकने लगा है। जब-जब आपको देखता हूँ लगता है पेड़ों पर फल की जगह रोजगार लग रहे हैं। लड़कियाँ बेखौफ घूम रही हैं। गांधी जी का सपना आपने पूरा कर दिया। वाह-वाह हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप जैसा कोई नहीं। हे प्रबुद्ध हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप जनता को हिंदू-मस्जिद के पवित्र कार्य में व्यस्त कर तमाम मुद्दों को अंतरिक्ष में भेज दिया है। हे स्वेच्छाचारिन्‍ हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! इधर-उधर जहाँ आपने चाहा अपने को फैलाया है। अब आप हथेलियों से उठकर मन-मस्तिष्क में छा गए हो। अब हमें कोर्ट-कचहरी की जरूरत नहीं है। आप जो फैसला सुना देते हो, वही अंतिम होता है।

## न्यूज फ्लैश

### क्रोमा ने गणतंत्र दिवस की खुशी में कई उत्पादों पर शानदार डील्स की घोषणा की




**नोएडा।** भारत के गणतंत्र दिवस के 75वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए, भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक हिस्सा, क्रोमा ने अपनी सबसे सस्ती और आकर्षक गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। 20 जनवरी से 28 जनवरी, 2024 तक चलने वाली सेल क्रोमा की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। क्रोमा ने टीवी, रेफ्रिजरेटर, एसी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, गीजर, माइक्रो ओवन, एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर और कई अन्य क्रोमा ब्रांडेड उत्पादों, साथ ही साथ ऐप्पल, फिलिप्स, एलजी, सैमसंग, डाइकिन, रेडमी, फैबर, आईएफबी जैसे अन्य लोकप्रिय ब्रांडों आकर्षक डील्स और ऑफर की घोषणा की है। सिर्फ 999 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई सुविधा का लाभ उठाकर खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। किसी भी पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स को एक्सचेंज करें और 5,000 रुपयों तक के लाभ पाएं। चुनिंदा बैंक ऑफर पर अतिरिक्त 10% छूट का आनंद लें। क्रोमा अग्रणी ब्रांडों के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद यहां प्रस्तुत किए हैं, हर उपभोक्ता की पसंद यहां जरूर पूरी होगी। क्रोमा-ब्रांडेड उत्पादों पर 10% की फ्लैट छूट मिल रही है। वॉशिंग मशीन को अपग्रेड करें, खरीदें क्रोमा ब्रांडेड 7.5 किलोग्राम फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, हर महीने मात्र 1510 रुपयों के ईएमआई के साथ और क्रोमा 50 इंच के गूगल टीवी की ईएमआई 1,694 रुपये प्रति माह* से शुरू होती है।

### बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 30 जनवरी, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड (ह्यबीएलएसईएलह्न या ह्यकंपनीह्न) मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपने बिड/ऑफर खोलेगी। प्रत्येक10 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों के कुल निर्गम आकार में 2,30,30,000 इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू शामिल हैं (11,00,000 इक्विटी शेयरों के प्री-आईपीओ प्लेसमेंट को छोड़कर)।
एंकर निवेशक बिडिंग की तारीख सोमवार, 29 जनवरी, 2024 होगी। सदस्यता के लिए बिड/ऑफर मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 को खुलेंगे और गुरुवार, 1 फरवरी, 2024 को बंद होंगे। इश्यू का प्राइस बैंड129 से135 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 108 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 108 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस इश्यू में बीएलएस अंतरराष्ट्रीय शेयरधारकों (बीएलएस अंतरराष्ट्रीय शेयरधारक आरक्षण भाग) द्वारा सदस्यता के लिए- लाख तक के कुल 23,03,000 इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है। हमारी कंपनी ने बीआरएलएम के परामर्श से, प्रति इक्विटी शेयर बीएलएस अंतरराष्ट्रीय शेयरधारकों के आरक्षण भाग पर7 की छूट (शेयरधारक छूट) की पेशकश की है।

### भारत विज्ञान महोत्सव 2024 संपन्न हुआ



**नोएडा।** भारतीय विज्ञान महोत्सव 2024 (आईएसएफ 2024) जो हाल ही में 20 और 21 जनवरी, 2024 को भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) पुणे में संपन्न हुआ, ने वैज्ञानिक खोज और नवाचार के उत्सव में एक और मील का पत्थर चिह्नित किया है। फाउंडेशन फॉर एडवांसिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी (फास्ट इंडिया) द्वारा बजाज ऑटो के साथ साझेदारी में आयोजित इस महोत्सव ने वैज्ञानिकों, शोधकताओं, छात्रों और आम नागरिकों को विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों, चचाओं और प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया।
आईएसएफ 2024 का उद्घाटन वरुण अग्रवाल (सह-संस्थापक - फास्ट इंडिया, संस्थापक - एस्पायरिंग माइंड्स एंड द चेंज इंजन), प्रो. के विजय राघवन (आईएसएफ के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार), अतुल किर्लोस्कर (अध्यक्ष, किर्लोस्कर ऑयल इंजन लिमिटेड), गौरी किर्लोस्कर (प्रबंध निदेशक, किर्लोस्कर ऑयल इंजन लिमिटेड), अजय मेहता (निदेशक, दीपक नाइट्राइट लिमिटेड) और प्रोफेसर सुनील भागवत (निदेशक, आईआईएसईआर पुणे) द्वारा किया गया। वरुण अग्रवाल, सह-संस्थापक फास्ट और संस्थापक आईएसएफ, ने कहा, ह्लभारत विज्ञान महोत्सव ने जबरदस्त सफलता हासिल की, जिसमें 23,000 से अधिक लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक वैज्ञानिकों से संपर्क किया, उनके साथ मशहूर हस्तियों की तरह व्यवहार किया, सवाल पूछने और सेल्फी लेने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। हमें विश्वास है कि हमने कई युवाओं को विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया है।

# सीएम ने सोनीपत की 174 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से किया गया प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सोनीपत की करीब 174 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं सहित प्रदेश की 153 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। यह सभी विकास परियोजनाएं लगभग 2024 करोड़ रुपये की लागत की हैं। जिला की विकास परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास व लोकार्पण सांसद रमेश कौशिक ने किया। हरियाणा की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह हिसार में आयोजित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण लघु सचिवालय सोनीपत में किया। जिला स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सांसद रमेश कौशिक ने हिस्सा लेते



हुए जिले की नौ विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला को विकास पथ पर तीव्रता से आगे बढ़ा रहे हैं। रेल परियोजनाओं की विशेष सौगात सोनीपत को मिली है। अब शीघ्र ही भटिंडा तक के सफर के लिए एक नई रेलगाड़ी की सुविधा जिलावासियों को दिलायेंगे। सांसद कौशिक ने कहा कि सोनीपत को करीब 80 हजार करोड़ रुपये की लागत के राष्ट्रीय राजमार्गों की सौगात दी गई है। रेलवे स्टेशनों को भी अत्याधुनिक रूप में विकसित करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठद्द कर पूरे देश को राममय बना दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी विशेष लाभ आम जनमानस को मिल रहा है।
समारोह में विशिष्टद्द अतिथि के रूप में गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी ने विकास परियोजनाओं की बधाई देते हुए कहा कि जिला के विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल समान रूप से प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नई परियोजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिलान्यास वाली परियोजनाओं को समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बधाई देते हुए भरोसा दिया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाएगी। नई विकास परियोजनाओं में सोनीपत के पांच प्रवेशद्वार शामिल रहे।

# एनिडेस्क डाउनलोड करवा खाते से निकाले 1 लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बड़ी गांव** एक व्यक्ति को फ्लिपकार्ट का गूगल पर कस्टमर केयर सर्च कर संपर्क करना महंगा पड़ गया। शातिर ठगों ने उसके मोबाइल में एनिडेस्क एप डाउनलोड करवा कर उसके बैंक खातों से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। बैंक खातों से रुपये निकलने के बाद उन्हें ठगी का पता लगा तो साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर उनका एक लाख रुपया होल्ड पर रखवा दिया गया। इसके बाद व्यक्ति ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में बड़ी गांव के भुपेंद्र सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर 2023 को उसने फ्लिपकार्ट पर अपने कार्ड से खरीदारी की थी। जिसमें उसे परेशानी हुई तो उसने फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर पर काल की। कस्टमर केयर ने उसे एक मोबाइल नंबर दिया, जिस पर उसने काल किया। मोबाइल पर बात करने वाले व्यक्ति ने उसके

**फर्जीवाड़ा**

**8 ठगी का पता लगा तो साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर उनका एक लाख रुपया होल्ड पर रखवा दिया**

फोन में एनिडेस्क एप डाउनलोड करवा दिया। जिसके बाद 2 दिसंबर को उसके एसबीआई के खाते से 99 हजार 999 रुपये कट गए। अगले दिन 3 दिसंबर को पहले उसके बैंक आफ बरोदा के खाते से 1 रुपया कटा और उसके बाद फिर से 99 हजार 999 रुपये कट गए। उन्होंने बताया कि साइबर हेल्पलाइन में शिकायत करने के बाद बैंक आफ बरोदा का एक लाख रुपये अभी होल्ड पर हैं। पुलिस ने भुपेंद्र सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर के बाहर टहल रहे युवक पर चाकूओं से हमला

**गन्नौर।** लल्हेड़ी कला गांव में एक युवक पर गांव के ही दो युवकों ने चाकुओं से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमला करने के बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी भी दे कर गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में लल्हेड़ी कला गांव के मनजीत ने बताया कि 23 जनवरी को वह अपने घर के पास टहल रहा था। इस दौरान गांव के कुलदीप व नवीन ने उस पर अचानक चाकुओं से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जब उसने शोर मचाया तो गांव के लोगों को इकट्ठा होते देख दोनो हमलावर उसे जान से मारने की धमकी दे कर भाग गए।

# मतदान सूची को लेकर डीसी ने मांगें दावे व आपत्ति

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत,** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 22 जनवरी को जिला की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। इसी मतदाता सूची के आधार पर हरियाणा निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार खरखौदा नगर पालिका चुनाव को लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। खरखौदा की मतदाता सूचियां विधानसभा की मतदाता सूचियों के आधार पर तैयार कराई जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र के सभी मतदाता 22 जनवरी को प्रकाशित मतदाता




सूची में अपना नाम अवश्य चैक करें अगर किसी का नाम इस मतदाता सूची से शामिल नहीं है तो वह मतदाता 29 जनवरी से 8 फरवरी तक वार्ड के हिसाब से अपने दावे एवं आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे। दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई के बाद 9 फरवरी को वार्ड के हिसाब से ही मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद किसी प्रकार की आपत्ति या दावे पुनरीक्षण अधिकारी के समक्ष 27 फरवरी को रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि नागरिक यदि दावे एवं आपर्ति दूर करने से संतुष्ट नहीं होता है तो वह एक मार्च को उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करने के बाद 18 मार्च को मतदाता सूचियों को अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।
उपायुक्त ने हरियाणा नगर पालिका चुनाव अधिनियम 1978 के निमय 3 के अंतर्गत नगर पालिका खरखौदा की मतदाता सूची का पुनरीक्षण करने तथा इससे संबंधित प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई करने उपरांत इनका नियम 4(4) (५) के अंतर्गत निपटान करने हेतू उपमण्डल अधिकारी(नागरिक) खरखौदा को संशोधन प्राधिकारी तथा तहसीलदार खरखौदा को सहायक संशोधन प्राधिकारी नियुक्त किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को रामकाज और 23 जनवरी को गरीबकाज किया: शाह

**लखनऊ:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, मोदी जी ने 22 जनवरी को रामकाज और 23 जनवरी को गरीबकाज किया। दुनिया जानती है कि 500 साल से सभी राम भक्त प्रतीक्षा कर रहे थे कि राम लला टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हों, इस काम को 22 जनवरी को मोदी जी ने पूरा कर दिया और 23 जनवरी को सामाजिक न्याय को मूर्त रूप देने वाले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर हजारों-लाखों गरीबों, वंचितों, पिछड़ों और आदिवासियों की मन की तमन्ना को पूरा कर दिया। मोदी जी ने ना केवल जननायक कपूर्री ठाकुर को सम्मानित किया है बल्कि देश के 70 करोड़ गरीबों को सम्मानित करने का भी काम किया है। कर्पूरी ठाकुर अपने स्वभाव, अपने कर्म, अपनी सिद्धांतप्रियता, अपनी सादगी, अपनी सरलता और गरीबों-वंचितों के प्रति अपनी संवेदना से जननायक तो बने थे, लेकिन भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर बनने में बहुत लंबा समय लग गया। आजादी के बाद ढ़ेर सारे लोग सत्ता में आए लेकिन किसी ने भी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देना उचित नहीं समझा।

# 28 जनवरी से मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल में होगी 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर रगबी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**मोतीलाल** नेहरू खेल स्कूल में 28 जनवरी से राज्य स्तरीय रग्बी सब जूनियर प्रतियोगिता का शुभ आरम्भ होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के करीबन 450 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। रग्बी फेडरेशन के अध्यक्ष सविंदर डबास ने मोतीलाल खेल स्कूल राई के निदेशक कर्नल अशोक मोर से मुलाकात की। कर्नल मोर ने खास बातचीत में



बताया कि रग्बी यूनियन दुनिया भर में एक लोकप्रिय खेल है, जिसे लोग उम्र या आकार की परवाह किए बिना खेलते हैं। 2023 में, दुनिया भर में 10 मिलियन से अधिक लोग खेल रहे थे, जिनमें से 8.4 मिलियन पंजीकृत खिलाड़ी थे। विश्व रग्बी , जिसे पहले अंतर्राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल बोर्ड (आईआरएफबी) और अंतर्राष्ट्रीय रग्बी बोर्ड (आईआरबी) कहा जाता था, 1886 से रग्बी यूनियन के लिए शासी निकाय रहा है, और वर्तमान में 116 देश पूर्ण सदस्य और 18 सहयोगी सदस्य हैं।

# होटल में खाने का बिल मांगने पर कैशियर के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**रेलवे** रोड स्थित एक होटल में खाने का बिल मांगने पर कैशियर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल कैशियर ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बेगा गांव का जितेश रेलवे रोड पर स्थित एक होटल में बतौर कैशियर कार्यरत है। 23 जनवरी को जितेश होटल में बैठा था। इस दौरान 6 युवक होटल में खाना खाने किए लिए आए। खाना खाने के बाद युवकों ने यह कहते हुए रुपये देने से इंकार कर दिया कि उन्होंने शाही पनीर आर्डर नहीं किया था।
जब जितेश ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो दो लडकों ने उसके साथ साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। उनके बाकी साथियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इसके बाद वह स्कोर्पियो गाड़ी में बैठ कर वहां से चले गए।

# शाहपुर-बड़ौत रोड में पनप रही अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**जिला नगर** योजनाकार की टीम ने बुधवार को शाहपुर-बड़ौत रोड पर पनप रही अवैध कालोनियों में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को ढहा दिया। उपायुक्त मनोज कुमार के आदेश पर एटीपी अनिल कुमार, जेई सुमित व अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने 3 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध



कालोनी में बनाई गई 6 डीपीसी को ध्वस्त करवा दिया। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट न खरीदें।

### निर्माण एजेंसी के सदस्यों व मिस्त्री के साथ मारपीट, पूर्व पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

**गन्नौर:** नगरपालिका की लालागढ़ी रोड के साथ लगती जमीन की चार दीवारी का निर्माण कार्य रूकवाने के आरोप में पूर्व पार्षद के खिलाफ एक और केस थाना गन्नौर में दर्ज हुआ है। आरोप है कि पूर्व पार्षद अशोक सैनी ने नगरपालिका की जमीन पर चार दीवारी के निर्माण के लिए एजेंसी के सदस्यों व मिस्त्री के साथ मारपीट कर है। इसके अलावा पूर्व पार्षद पर जातिसूचक शब्द कहने का भी आरोप लगा है। पुलिस ने एजेंसी के संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एजेंसी के संचालक अजय कुमार के अनुसार नगरपालिका की तरफ से उनकी एजेंसी को नगरपालिका की जमीन की चार दीवारी करने का टेंडर मिला था।

# हर घर कांग्रेस कार्यक्रम में कांग्रेस की नीतियों से करवाया अवगत

## कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय आंतिल प्रधान ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**सेवली** गांव में कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय आंतिल प्रधान की अध्यक्ष में घर-घर हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि मौजूदा सरकार धर्म और जाति के नाम पर लोगो की गुमराह कर रही है, यह बहुत ही निन्दनीय है। आज प्रदेश में लोगों को हुड्डा सरकार की विशेष जरूरत है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो हर मजदूर, वर्ग, जाति धर्म को साथ लेकर चलती है। आंतिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी



की सभी नीतियां जनता के हित में है और कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो आम आदमी का भला कर सकती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है जिससे जनता में रोष है। कांग्रेस नेता ने कहा कि घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान में वह हलके के

**साधा निशाना**

**8 एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि मौजूदा सरकार धर्म और जाति के नाम पर लोगो की गुमराह कर रही है**

सभी गांवों में घर-घर जाएंगे और पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि उन्हें क्षेत्र के गांवों में लोगों से भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की अपील भी की।

# सीएम ने वर्चुअल माध्यम से 4 परियोजनाओं का लोकार्पण किया

## मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व कुशल नेतृत्व में लिखा गया नये विकास का अध्याय: संजय भाटिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मुख्यमंत्री** मनोहरलाल ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 19 जिलों की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और जिला स्तरीय कार्यक्रम में करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद संजय भाटिया, राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व विधायक महीपाल ढांडा ने जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले को 171 करोड़ रुपये की 6 विकास परियोजनाओ की सौगात दी है। इस मौके पर लोकसभा सांसद



संजय भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद व कुशल नेतृत्व में जिले में नये विकास का अध्याय लिखा गया है। हमें सुशासन के स्वपन को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। जिले का यह सौभागय है जो इतनी बड़ी सौगात सरकार ने दी है। इन परियोजनाओं से जिले के विकास को बल मिलेगा। लोगों का जीवन आसान होगा व उनके जीवन जीने के तरीके में बदलाव आयेगा।

**विकास कार्य**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद व कुशल नेतृत्व में जिले में नये विकास का अध्याय लिखा गया**

यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री की प्रदेश को विकास के मामले में आगे ले जाने वाली सोच से जिले को परियोजनाएं मिली हैं। उन्होंने वर्चुअल कार्यक्रम में 4 परियोजनाओं का उद्घाटन किया व दो परियाजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक महीपाल ढांडा, उपायुक्त डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया, निगमायुक्त राहुल नरवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुडडा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप, सीटीएम राजेश सोनी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्यो को जो बल दिया गया है आने वाली पीढी उसे याद रखेंगी। जो विकास के जो शेष कार्य बचे हैं उन पर अधिकारियों को तत्परता से कार्य करना चाहिये।

# रोजगार मेले में 108 में से 38 को मिला रोजगार

**मेला**

**8 स्सा लिया। जिसमें से 38 युवाओं को ही नौकरी की पेशकश हुई, जबकि बाकी युवाओं को बैरंग ही लौटना पड़ा**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**उपमंडल रोजगार** कार्यालय गन्नौर के प्रांगण में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, एलआइसी आफ इंडिया गन्नौर ब्रांच, एनआइआइटी (आईसीआईसीआई बैंक),



एक्सिस बैंक व एसआईएस सिक्योरिटी आदि कई कंपनियां पहुंची। रोजगार मेले में 108 बेरोजगारों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 38 युवाओं को ही नौकरी की पेशकश हुई, जबकि बाकी युवाओं को बैरंग ही लौटना पड़ा। रोजगार मेले में सहायक रोजगार अधिकारी मनोज ग्रोवर, अंकड़ा सहायक सतीश कुमार, मेला प्रभारी सतीश कुमार मलिक, लिपिक व कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# लाहुल के ग्रामीणों ने मशालें जलाकर बुरी आत्माओं को भगाया

## जनजातीय जिला लाहुल की हर घाटी में मनाया जा रहा सबसे बड़ा हालडा उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**नव वर्ष के उपलक्ष्य** में लाहुल घाटी में हालड़ा उत्सव की धूम शुरू हो गई है। रविवार को रंगलो घाटी से इसका आगाज हो गया। हलाड़ा उत्सव जनजातीय जिला की हर घाटी में मनाया जाएगा। तोद घाटी, तिनन तथा गाहर और फि र पट्टन घाटी में इस उत्सव की धूम रहेगी। आज तोद घाटी के सभी ग्रामीणों ने अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर शाम को मशालें जलाई। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को खुशहाली के लिए दुआ मांगी। ग्रामीण सोनम, टशी, पलजोर, दोरजे, राहुल व विक्रम ने बताया कि ग्रामीण जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति अपनी अनूठी



परंपरा और समृद्ध संस्कृति को संजोए हैं। उन्होंने बताया कि मशाल को पतली लकडि?ों से तैयार किया गया। मशाल बनाने वाले के सामने एक बर्तन में अर्क या छांग पेय, जिसके तीन कोनो में मक्खन के टुकड़े से सजाया। व्यक्ति जिसके मां.बाप जीवित है उसके द्वारा देवदार के पत्ते से इष्ट देवता के नाम पर पेय को छिडकाव करते ही हालड़ा शुरू हो गया। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर सहित पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय ने लाहुल घाटी के लोगों को हालड़ा उत्सव की बधाई दी। माघ के महीने में लोग भूत प्रेत से बचने के लिए हालडा उत्सव मनाते हैं। कहा जाता है कि माघ महीने में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर जाते हैं। ऐसे में इलाके में भूत-प्रेतों का खतरा बढ़ जाता है। इन भूत-प्रेतों से बचने के लिए लाहुल-स्पीति में हालडा उत्सव मनाया जा रहा है। लाहुल घाटी के इतिहासकार मोहन लाल ने बताया कि लाहुल स्पीति में इसकी शुरूआत तोद घाटी से हो गई है। आने वाले दिनों में फ रवरी में अन्य त्योहार, कुंए कुस, फ ागली, गोची, योर, दछांग आदि त्योहार मनाए जाएंगे।

# मंडी के करण सिंह को मिला हिम आइकन अवार्ड

## देसी गाय के गोबर व गोमूत्र पर बने उत्पादों पर मिला अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिला मंडी के** तुंगल घाटी चलोह निवासी करण सिंह को हिम आइकन अवार्ड मिला मिला है। यह अवार्ड उन्हें देसी गाय के गोबर के उत्पादों पर मिला है। करण सिंह को यह अवार्ड बिटिया फाउंडेशन और हिम जागृति मंच ने प्रदान किया है। करण सिंह ने श्री कामधेनु पंचगव्य उद्योग स्थापित कर स्टार्टअप के तहत इस कार्य को शुरू किया और इसकी पहचान ऑल इंडिया स्तर पर बनाई। इस शोध पर करण को विभिन्न यूनिवर्सिटी द्वारा अवार्ड भी मिल चुके हैं। करण सिंह अपने उत्पादों में गाय के गोबर से बनी ईट, नाम पाटिका, गणेश, मां दुर्गा, भगवान शिव, विष्णु के अलावा अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं और घर में इस्तेमाल होने वाले अनेक उत्पाद बनाकर एक नई शुरूआत की है। उनके



इस कार्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रशंसा कर चुके हैं। हिम जागृति मंच एवं बेटियों फ ाउडेशन के संयुक्त तत्वाधान में हिम आइकन अवार्ड का आयोजन केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा जिला कांगड़ा में किया गया।

बिटिया फ ाउंडेशन की एमडी ज्योत्सना जैन ने यह पुरस्कार वितरित किए। इस समारोह में करण के अलावा हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात गायक संजीव दीक्षित, कुमार साहित, पूनम भारद्वाज, श्रुति शर्मा, पोलाराम बंग वाला, पीयूष राज, करनेत राणा, सुरेश वर्मा व सौरभ शर्मा, अंकुश बरजाता, आर बीज, अमृतलाल शर्मा, प्रिंस गर्ग, सुपमा को हिम आइकन प्रशंसा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# लाहुल पोटेटो सोसायटी देगी किसानों को बीज आलू के बढ़े हुए दाम



**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**एशिया की** दूसरी बड़ी सोसाइटी एलपीएस ने बुधवार को लाहौल के किसानों द्वारा पैदा किये गए बीज आलू की फाइनल कीमत तय कर दी। एलपीएस प्रबंधन समिति की बैठक में कुफरी ज्योति 4200, कुफ री चंद्रमुखी, हिमानी, खाने के आलू व सन्ताना 3000 रुपये प्रति क्विंटल तय कर दिया है। वहीं बी ग्रेड आलू की कीमत 1100 रुपये प्रति बेग के हिसाब से दिया जाएगा। केसीएम रेट बाजार में पूल नहीं हो पाया है फि र भी किसानों 1500 रुपये प्रति बेग की दर से दिया जा रहा है। लाहौल के किसानों अप्रैल के पहले सप्ताह से एलपीएस को दिए गए आलू की फ ाइनल पेमेंट मिलेगी। वहीं इस बार एलपीएस कृषि विभाग से मिलकर लाहौल के किसानों को 800 बोरी कुफ री ज्योति के ब्रीडर और 800 ही बैग कुफ री ज्योति के एफ वन बीज के किस्में मुहैया करवाएगी। एलपीएस के चेयरमैन सुदर्शन जस्पा ने बताया कि आगामी मार्च अप्रैल में एलपीएस किसानों को 3000 बेग संताना बीज भी उपलब्ध करवाएगी। वहीं बीज आलू को 25 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलेगी। कहा कि देश की देश की बड़ी कम्पनी मैकंस, हाइफ न और बालाजी की तर्ज पर आबंटित होगी। वहीं एलपीएस किसानों को खाली बोरियां फ्र ी में देंगे और लोडिंग का खर्चा भी उठाएगी। यदि बीज के वजह से फ सल नहीं आती है तो किसानों को मुआवजा मिलेगा। फसल तैयार होने के बाद आलू की 75 प्रतिशत कीमत किसानों को दी जाएगी और 25 प्रतिशत बकाया एक महीने के अंदर दी जाएगी। वर्ष 1966 के बाद एलपीएस की ओर से कुफ री-कुफ री ज्योति को अधिकतम 4200 रुपये प्रति क्विंटल की मिलने से किसानों को फ ायदा मिलेगा। एलपीएस में करीब 2400 किसान सीधे तौर पर जुड़े हैं। एलपीएस के चेयरमैन सुदर्शन जस्पा ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दाम होगा, जो किसानों को पहली बार दिया जा रहा है। किसी भी प्राइवेट कंपनी ने इस तरह का दाम नहीं दिया है। जस्पा ने कहा कि एलपीएस की वर्तमान प्रबंधन समिति ने एलपीएस की खोई साख को लौटाने के बेहतर प्रयास किए हैं। इस मौके पर एलपीएस के वाईस चेयरमैन मंगलचंद ठाकुर, निदेशक मंडल से सुभाष ठाकुर, सोनम मनेपा, प्रेम सिंह और तंजिन नोरबू उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े विद्यार्थी: डा. सतीश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**व्यास पब्लिक** हाई स्कूल चांदपुर में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सक अधीक्षक व शिशु रोग विशेषज्ञ डा. सतीश शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल मुख्याध्यापक संजीव गौतम एवं शिक्षक वर्ग द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, शाल टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जलवित कर किया गया। उपस्थिति अभिभावकों और बच्चों को



संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. सतीश शर्मा ने कहा कि छात्रो को जीवन में आगे बढने के लिए कडी मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ?ा चाहिए। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए स्कूल प्रंबंधन के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान स्कूल के मुख्याध्यापक संजीव गौतम ने स्कूल की गतिविधियों व वार्षिक रिपोर्ट पढकर सुनाई। मुख्यतिथि ने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों व मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जिनमें पहली कक्षा से नमस्वीं व सानवी दीक्षा, दूसरी कक्षा से वंदना, लक्षिता व आकृति, तीसरी कक्षा से शानवी, शौर्य, लौविका व तमन्ना, चतुर्थ कक्षा से उज्जवल, शिवांश, दिव्यांश व आदि पांचवीं कक्षा से नवयांशी, वंशिका, गातीजंली व शामंभवीं, छठी कक्षा से कृतिका बंसल, वैष्णणी गौतम व कृतिका गौतम, अंक्षिता व कनिका, सातवीं से अक्षिता, कनिका, आठवीं कक्षा से आरूषि व खुशी, नवम कक्षा से प्रियंका, सात्विक व कशिश, दशम कक्षा से सुप्रिया प्रथम, पल्लवीं सेंकंड व सुर्याश को तीसरे स्थान पर रहने पर सम्मानित किया गया।

# श्री राम लाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमजन कल्याण** जागरूकता समिति की जिला अध्यक्षा निर्मला शर्मा व जिला प्रभारी ओम प्रकाश शोपटा के नेतृत्व में जिला मंडी टीम बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। हिमजन कल्याण जागरूकता समिति जिला मंडी टीम द्वारा देश व प्रदेश में मनाए जाने वाले श्री राम लाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और साथ ही सभी को प्रसाद भी बांटा गया यह पुनीत कार्य जिला अध्यक्षा निर्मला शर्मा, जिला महासचिव संतोष शर्मा, सलाहकार बिजली देवी कोषाध्यक्ष सुनीता देवी व अन्य लोगों की सहायता से सफ



लतापूर्वक संपन्न हुआ। हिम जन कल्याण जागरुकता समिति की प्रदेशाध्यक्षा रंजना ठाकुर ने सभी जिलों में जागरुकता अभियान व सदस्यता अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए जिस पर प्रदेश महिला सुरक्षा अध्यक्षा निशा भंडारी व जिला प्रभारी मंडी ओम प्रकाश शोपटा ने अपनी पूरी टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया और भविष्य में टीम को इसी तरह के नेक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# पीसीसी महासचिव विवेक कुमार ने कलोल स्कूल में किया मेधावियों का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला कलोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों का न सिर्फ मनोबल बढ़ता है बल्कि बौद्धिक, मानसिक विकास के अलावा नेतृत्व की भावना भी उत्पन्न होती है। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहने के साथ साथ समाज को नशे के प्रति जागरूक करने व देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर इशिता व सहेलियों द्वारा प्रस्तुत की गई नाटी, तनवी, अंजली व सहेलियों द्वारा प्रस्तुत किया गया गिद्दा, अर्चना नीतीश व साथियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रस्तुत लघु नाटिका आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा समूह गान व पंजाबी भांगड़ा ने खूब वहवाही लूटी। दसवीं कक्षा के तुषार शर्मा के भाषण से खुश होकर मुख्य अतिथि ने उसे 1100 ईनाम स्वरूप दिए। प्रधानाचार्य रामस्वरूप राणा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ? की प्रेरणा दी। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट और स्कूल मैदान बनाने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी स्वैच्छिक निधि से 5100 रुपए पाठशाला के लिए दिए।

# हिप हॉप जगत में एक बड़ा गेम चेंजर होगा द किड का बनाया धमाकेदार एकल गीत ओके

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**

**पंजाबी हिप हॉप के चा**हने वालों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। पंजाबी हिप हॉप जगत का जानामाना चेहरा एमसी द किड जो उभरते प्रोड्यूसर भी है ने अपने नए एकल गीत ओके के साथ तहलका मचाने की पूरी तैयारी कर ली है। सिधू मूसेवाला,दिलजीत दोसांझ,अर्जन ढिल्लन जैसे दिग्गज कलाकारों के लिए प्रोडक्शन पावरहाउस होने के नाते द किड ओके के साथ विस्फोटक फ्यूजन पेश करने जा रहा है जो विंटेज सोल साउंड्स,लुभावने लिरिक्स और एक गंभीर शहरी वाइब का उम्दा मिश्रण है जिसमें हसल संस्कृति का असली सार झलकता है।ओके संगीत के महारथी ईशान और इलम द्वारा लिखित तथा संगीतबद्ध है द किड ने प्रोडक्शन में फ्लेक्स सिंह के साथ मिलकर काम किया है। द किड और इशान के दमदार स्वरों से भरे इस गीत से आपके घरों के स्पीकर भी खुश हो जायेंगे।ओके हिप हॉप बैंगर पंजाबी भावना का जश्न मनाता है और उन लोगों पर बहुत फबता है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत करते हैं।

# फोक मीडिया के माध्यम से कलाकारों ने दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**चुराह विधानसभा** क्षेत्र के तहत ग्राम भंजराडू में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष प्रचार सामग्री का वितरण कर लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जुडकर लाभ लेने को प्रेरित किया गया। इसके साथ विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका व्यवस्था परिवर्तन का 1 साल, हिमाचल प्रदेश सरकार



के 365 दिन 365 फैसले, सरकार गांव के द्वार फ ोल्डर भी लोगों को वितरित किए गए। विभाग के साथ संबद्ध मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाया। कलाकारों ने फोक मीडिया माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के तहत ग्राम पंचायत सलूणी में 24 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# 'मीडिया के फीडबैक से बेहतर काम कर सकती है प्रशासनिक मशीनरी'

## प्रेस क्लब कुल्लू ने डीसी आशुतोष गर्ग को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**मिडिया की फीडबैक** से प्रशासनिक मशीनरी वेहतर काम कर करती है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मीडिया के साथ अच्छा समन्वय बिठाना चाहिए। यह बात डीसी कुल्लू आशुतोष गर्ग ने यहां परिधि गृह में कही।

वे यहां प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के साधारण अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू ने डीसी कुल्लू को वेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कुल्लू प्रेस का योगदान हमेशा समाज उत्थान का रहा है। आपदा व



कोरोना काल में भी कुल्लू मीडिया ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूरे समय में जिला प्रशासन को यहां के मीडिया का भरपूर सहयोग मिला है। मीडिया से पब्लिक ओपिनियन व फ ीड बैक हम तक पहुंचती रही और हम उसका समाधान करने में प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी को मीडिया की फ ीडबैक पॉजिटिव तरीके से लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया पूरे दिनभर जनता के बीच रहती है और उनसे जो फ ीडबैक मिलती है उस पर कार्य करने से प्रशासनिक मशीनरी कामयाब होती है। इस अवसर पर उन्होंने प्रेस क्लब के प्रेस रूम के जीर्णोद्धार का भी शुभारंभ किया।

इस दौरान प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने प्रेस क्लब कुल्लू की उपलब्धियों के बारे जानकारी दी और उपायुक्त कुल्लू का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब के होनरेरी सदस्य गोपाल कृष्ण महंत, उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी, डीपीआरओ कुल्लू नरेंद्र शर्मा, एपीआरओ कुल्लू जेपी प्रकाश सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एचडीएफसी बैंक ने उत्तर भारत में व्यापक साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाओं के साथ 2024 की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

एचडीएफसी बैंक ने अपने लगातार जारी डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के एक हिस्से के तौर पर हिमाचल प्रदेश दिल्ली,उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और जम्मू और कश्मीर में सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाओं की एक सीरीज का आयोजन किया। बैंक ने 2024 की शुरूआत 900 से अधिक ऐसी वर्कशॉप्स का आयोजन करके किया जिसमें 28000 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रेक्टिसिज के बारे में जागरूक किया गया।मनीष अग्रवाल,एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट,क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल एचडीएफसी बैंक ने कहा कि वित्तीय लेन देन करते समय धोखाधड़ी के बारे में वित्तीय शिक्षा और जागरूकता तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन जागरूकता सत्रों का उद्देश्य प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तौर तरीकों और सुरक्षित बैंकिंग प्रेक्टिसिज के बारे में शिक्षित करना है जिनका उन्हें पालन करने की आवश्यकता है।साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचने के लिए जागरूकता पहला कदम है।इन वर्कशॉप्स का उद्देश्य स्कूल कम कॉलेज के छात्रों,ग्राहकों,कानून प्रवर्तन एजेंसियों,वरिष्ठ नागरिकों,स्वयं सहायता समूहों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरेएक्टिव सेशंस के माध्यम से प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रेक्टिसिज पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई ताकि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार न हों। वर्कशॉप में डिजिटल सुरक्षा की व्यापक समझ सुनिश्चित करते हुए कई उपयोगी और आज के दौर में प्रासंगिक विषयों को शामिल किया गया , आईएफएडब्ल्यू की पृष्ठभूमि उपस्थित लोगों को डिजिटल जागरूकता के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करने के साथ ही इंटरनेशनल फ्रॉड अवेयरनेस सप्ताह के मिशन/ भूमिका से परिचित कराया गया।

# फुल ड्रेस रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त ने फहराया तिरंगा

## परेड कमांडर एसीपी नरेंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस के जवानों के साथ विद्यार्थियों ने की परेड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला स्तरीय** गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने पुलिस लाइन में बतौर मुख्यातिथि तिरंगा फहराते हुए राष्ट्रीय पर्व की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को राष्ट्रीय पर्व में देशभक्ति के जज्बे के साथ हिस्सा लेते हुए अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को स्मरण करना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके पश्चात परेड कमांडर एसीपी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस के महिला-पुरुष तथा होमगार्ड के जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट किया। सबसे आगे पीएसआई मंजू के नेतृत्व में दुर्गा शक्ति की टुकड़ी कदमताल कर रही थी, जिनके पीछे पीएसआई संतोष के



नेतृत्व में महिला पुलिस, पीएसआई नीरज के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस पुरूषों की टुकड़ी, एसआई बलराज के नेतृत्व में होमगार्ड, अंडर ऑफिसर अनुजा के नेतृत्व में जीवीएम गर्ल्स कालेज व हिंदू गर्ल्स कालेज की एनसीसी की यूनिट, सीनियर अंडर ऑफिसर सार्थक के नेतृत्व में हिंदू कालेज व आईटीआई की एनसीसी की टुकड़ी, गायत्री व राहुल के नेतृत्व में एपीएसएसएस ककरोई की हिंदुस्तान गर्ल्स गाइड व स्काऊट की टुकडि?ां, राजकीय कन्या वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा की दीक्षा के नेतृत्व में रैडक्रॉस की टुकड़ी कदम से कदम मिलाती नजर आई। श्रीराम माडर्न स्कूल के बैंड की मधुर व जोशिली धुनों पर सबने परेड करते हुए बुलंद भारत की तस्वीर उकेरी। परेड के उपरांत पीटी-शो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्धि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। इसकी शुरूआत राजकीय कन्या वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा की छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य की दमदार प्रस्तुति से दी। इसके बाद राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय बीसवां मील की छात्राओं ने राजस्थानी-गुजराती समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। रेनू विद्या मंदिर के विशेष आवश्यकता वाले छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य, राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय मुरथल की छात्राओं ने समूहगायन, राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत हरियाणवी समूह नृत्य तथा शिवा शिक्षा सदन की छात्राओं ने राजस्थानी समूह नृत्य और राजकीय कन्या वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर बारोटा की छात्राओं ने हरियाणवी-पंजाब-हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को दशार्ते समूह नृत्य की प्रस्तुति देशभक्ति के संदेश के साथ दी।
इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कार्यक्रमों की और बेहतर प्रस्तुति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश व सुझाव दिए। वहीं, डीसीपी विरेंद्र सिंह ने परेड के लिए जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, बीईओ मंजू गर्ग, एईओ स्पोर्ट्स रामबीर सिंह, शशि मेहता, डा. सुभाष सिसोदिया, एबीआरसी शिवाली, पूनम, प्रियंका, नीतू, चांदनी, पूनम खन्ना, श्रीभगवान दीक्षित आदि अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकगण मौजूद थे।

# पिपली में किया रामभक्तों का सम्मान

## किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और संकीर्तन

**गुणगान**

**8 सभी मंदिर सभाओं के प्रतिनिधियों और भजन मंडलियों ने एक ही स्थान पर रामप्रभु का गुणगान किया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली(दलबीर मलिक)**
श्री राम मंदिर पिपली में मंगलवार सांय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, संकीर्तन और रामभक्तों का सम्मान किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजीव कौशिक ने बताया कि पिपली में यह पहला अवसर रहा जिसमें यहां की सभी मंदिर सभाओं के प्रतिनिधियों और भजन मंडलियों ने एक ही स्थान पर रामप्रभु का गुणगान किया। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में तीन दिनों तक



चले रामोत्सव में सहयोग करने वाले सभी रामभक्तों को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम अयोध्या धाम में विराजित हुए श्री राम प्रभु की बधाई दी गई उसके पश्चात 108 मनका राम नाम जाप और सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्री राम मंदिर महिला मंडल द्वारा भगवान राम का संकीर्तन किया गया। श्री राम मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई। श्री राम आरती में श्री राम मंदिर सेवा समिति के प्रधान प्रवीण कुमार रहेजा, सचिव चरणजीत मेंहदीरत्ता, रामनारायण मदान, जगदीश शर्मा, कमल अरोड़ा, रामभज मनचंदा, देवीचंद नंबरदार, श्री राम मंदिर महिला मंडल की सभी सदस्याएं,पिपली के सभी मंदिर सभाओं के प्रतिनिधि और श्रद्धालु शामिल रहे।

**न्यूज फ्लैश**

# विधायक ने लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला शहर** के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस



संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेवनगर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए
विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बलदेवनगर में पहुंची है और जिस नाते आज मोदी जी नाम एक गारंटी के नाते और जिन नाते आज मनोहर का नाम गारंटी के नाते आज लोगों के मन में एक विश्वास जगा है, जो बात मोदी जी ने कह दी और जो वचन मनोहर लाल ने किया उसे उन्होने पूरा करने का काम किया है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को पारदर्शी तरीके से देने का काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कल जो हमने महादीवाली मनाई जिसमें रामलला लगभग 500 साल के वनवास के बाद अपनी अयोध्या नगरी में भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकारियों को समस्याओ का निदान करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 2.50 करोड़ की आबादी है जिसमें से लगभग 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। आज आयोजित कार्यक्रम के तहत 5 लोगों के आयुष्मान कार्ड व 5 लोगों को पैंशन सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी वितरित करने का काम किया गया। विधायक ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सम्बन्धित लाभार्थी को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा निशुल्क प्रदान की जा रही है। सरकार घर-द्वार पर आकर यानि वार्डो में जाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवा रही है। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सशक्त नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिये कार्य किये जा रहे हैं। आज यहां पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और उन्हें कहा कि जो भी समस्याएं जिला स्तर की हैं, उनका तीव्रता से समाधान होगा। मौके पर भी कुछ लोगों की जो शिकायतें थी, उनका सम्बन्धित अधिकारियों को निपटान करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पार्षद टोनी चौधरी, रितेश गोयल, प्रिंसीपल वीना भगानिया, शक्ति केन्द्र प्रमुख हरजिन्द्र ज्योति व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुकूल हो स्कूल वातावरण :सन्तोष

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 7 जिलों से पीएम श्री विद्यालयों के एक-एक अध्यापक को आमंत्रित किया गया है। बीआरसी कार्यालय के सभागार में आयोजित शिविर का उद्घाटन समग्र शिक्षा जिला परियोजना समन्वयक सन्तोष शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल, करनाल, पानीपत व यमुनानगर जिलों से लगभग 50 अध्यापक आमंत्रित किए गए हैं। विशेष कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विस्तार से इस बात का प्रशिक्षण दिया जाएगा विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ कैसे व्यवहार करें और कैसे वह अपने आप को मुख्य धारा में शामिल समझें। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण पूरी तरह दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुकूल होना चाहिए ताकि कोई स्वयं को असुरक्षित ना समझे। उनकी जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जाए और आवश्यकता हो तो बदलाव किए जाएं। डीपीसी सन्तोष शर्मा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की आवश्यकता, उनके स्वभाव, मनोवैज्ञानिक पक्ष आदि की विस्तृत जानकारी के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया है, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र स्पेशल एजुकेशन डिपार्मेंट डॉक्टर की प्रोफेसर सुषमा शर्मा, स्पेशल टीचर डॉक्टर रामवीर, महेंद्र शामिल हैं। इस अवसर पर प्राचार्य राजकीय आदर्श संस्कृती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सचिन्द्र कोड़ा, सीनियर लेक्चरर डाइट डॉ जसविंद्र, सतवीर कौशिक सहित अनेक प्राध्यापक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# केयू प्रो.भगवान सिंह चौधरी विशेष सम्मान से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के भूभौतिकी विभाग के प्रोफेसर भगवान सिंह चौधरी को मुंबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान ह्लहाइड्रोजियोलॉजी में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगह्ल के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय से निरंतर उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. भगवान सिंह चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि केयू शिक्षक शिक्षा, शोध, अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर



रहे हैं।
प्रो. भगवान सिंह ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 20 से 21 जनवरी 2024 तक छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट (आईएनसी आईएएच) और छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसएमयू), पनवेल, नवी मुंबई के भारतीय राष्ट्रीय चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सम्मेलन में उन्हें ह्लपर्यावरण और जलविज्ञान प्रबंधन की चुनौतियों के समाधान के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगह्ल विषय पर मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। सम्मेलन के समापन सत्र में डॉ. केएल शर्मा, कुलपति, सीएसएमयू, मुंबई और प्रोफेसर एके सिन्हा, आईएनसी ऑफ आईएएच के अध्यक्ष द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि प्रो. चौधरी को हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता (सहयोग)-2022 पुरस्कार से सम्मानित किया गया था तथा उनके पास शिक्षण, अनुसंधान और शैक्षिक प्रशासन में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रोफेसर चौधरी को जर्मनी के फ्रीबर्ग विश्वविद्यालय में डीएएडी फेलोशिप से भी सम्मानित किया गया था।

# फिनिक्स क्लब का उद्देश्य है समाज सेवाः धीरज गुलाटी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) फिनिक्स** क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी ने बताया कि फिनिक्स क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है ।उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और गरीबों की एक कदम आगे बढ़कर सेवा करना ही फिनिक्स क्लब का उद्देश्य है। गुलाटी ने कहा कि समय-समय पर जब कभी भी प्रशासन सहायता की मांग करता है तो फिनिक्स क्लब जिला प्रशासन का भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करता है। शहर के अंदर फिनिक्स क्लब द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों की शहरवासी खूब प्रशंसा करते हैं । फिनिक्स क्लब का एक-एक सदस्य समाज सेवा के कार्यों में समर्पण भाव से अपना अहम् रोल अदा करता है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा कार्यों को गति देने के लिए इस क्लब का गठन सात साल पहले किया गया था ,इतने कम समय में ही क्लब ने जिला ही नहीं प्रदेश भर में सेवा के नए आयाम स्थापित कर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। आज फिनिक्स क्लब के नाम पर धर्म नगरी में नेकी की दीवार फिनिक्स चौक फिनिक्स रोड फिनिक्स पिलर स्थापित है ।थानेसर शहर को सुंदर बनाने की बात हो या किसी जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचाने की बात हो, आज तक फिनिक्स क्लब ने अपने सभी कार्यों को समय से पहले पूरा कर पूरे समाज को प्रेरणा देने का काम किया है।

# नीरज शर्मा को जम्मू में बीएसएफ कमांडर बनने पर दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भगवान** परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैन्ट के महासचिव ने अम्बाला के बेटे नीरज शर्मा को जम्मू में बीएसएफ पर कमांडर बनने पर बधाई दी हैं । नीरज शर्मा अम्बाला कैन्ट के डिफेंस कॉलोनी में रहते हैं।
सुरिंदर शर्मा ने बताया कि नीरज शर्मा में कमांडर बनने पर अम्बाला में ब्राह्मण समाज मे खुशी की लहर हैं।
सुरिंदर राजू शर्मा ने बताया कि नीरज शर्मा के अम्बाला आने पर भगवान परशुराम सेवा समिति रजि अम्बाला के सदस्य उनको सम्मानित करेगी।

# 'महाभारत की भूमि से होगा चुनावी शंखनाद'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा समता** पार्टी के प्रधान महासचिव एवं श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेश कुमार जोगी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा ने आज प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को महाभारत की भूमि कुरुक्षेत्र से हरियाणा समता पार्टी चुनावी शंखनाद करने जा रही है। पिपली रोड पर सेक्टर 7 के सामने आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल, प्रदेश अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव अनिल धीमान सहित पार्टी के कई बड़े नेता भाग लेंगे। नरेश जोगी ने बताया कि हरियाणा समता पार्टी प्रदेश में लोकसभा की 10 की 10 सीटें पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, महंगाई ,बेरोजगारी चरम पर है। प्रदेश के



नौजवान बच्चे बेरोजगारी के कारण रोजगार की तलाश में दूसरे देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। महंगाई
और भ्रष्टाचार के कारण आज जनता त्राहि त्राहि कर रही है। जोगी ने कहा कि प्रदेश में समता पार्टी की सरकार बनने पर भय, भ्रष्टाचार और महंगाई को कम किया जाएगा तथा सभी को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इस मौके पर संदीप जोगी, प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

# स्कॉटिश ओपन-ब्रिटिश ओपन स्क्वैश प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**समालखा ( कुलदीप राठी )**
**समालखा** डी पी एस पानीपत सिटी जूनियर की पांचवी कक्षा की छात्रा आराधना सिंह ने स्कॉटिश ओपन तथा ब्रिटिश ओपन स्क्वैश प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधितत्व करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया । यह प्रतियोगिता 4 से 8 जनवरी तक आयोजित की गई थी। आराधना ने मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग एवम इंग्लैंड के खिलाडियों को 3-0 अंकों से मात देकर एशिया में 13वा और विश्व में 25वा स्थान प्राप्त कर अपनी उपलब्धि से अपने अभिभावकों, विद्यालय एवम देश का परचम लहराया।

# उपायुक्त ने जिला स्तरीय बैठक का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राष्ट्रीय कृमि** मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अम्बाला डा. शालीन की अध्यक्षता में डा. कुलदीप सिंह, सिविलसर्जन, अम्बाला के दिशा निदेर्शानुसार जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उददेश्य शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ अन्य संबधित विभागों के जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारियों को आयोजित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी देकर सफल बनाना था।
बैठक दौरान उप सिविल सर्जन डा. बलविन्द्र कौर ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़े समाप्त करने के लिए वर्ष में 2 बार कृमि मुक्ति अभियान चलाया




जाता है, जोकि फरवरी व अगस्त माह में होता है। उन्होनें एल्बेंडाजॉज की गोली के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह गोली भरपेट खाना खाने के बाद सेवन करने से ही अधिक लाभ होता है इसलिए खाली पेट गोली न खाने की सलाह दी जाती है। यदि बच्चा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान बीमार हो या अन्य किसी कारण से छुट गया हो तो यह गोली 20 फरवरी 2024 मोप अप वाले दिनों में खिलाई जायेगी। कृमि संक्रमण का बच्चों की सेहत पर गहरा असर पड़ता है जिससे खून की कमी, भूख न लगना, कमजोरी और बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी और दस्त, वजन में कमी आना आदि रोग हो सकते हैं। इसलिए बच्चों में कृमि नियंत्रण से इन रोगों से मुक्ति पायी जा सकती है, 1 से 2 वर्ष की आयु के बच्चों को आधी गोली पीसकर चम्मच के साथ पानी में मिलाकर पिलाई जाती है, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली पीसकर चम्मच के साथ पानी में मिलाकर पिलाई जाती है, 3 से 19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खाने की सलाह दी जाती है। अतः सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एएनएमए आशा एवं आंगनवाड़ी वर्करस के द्वारा जिला अम्बाला के सभी सरकारी व निजी स्कूलों एवं आंगनवाडी सैंटर, सभी शिक्षा संस्थानों में कृमि नाशक गोली एलबैंडाजोल खिलाई जाएगी ताकि बच्चों को शारिरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ बनाया जा सके।

# शिवकुमार जैन ने जनसमूह को संकल्प शपथ दिलवाई

**समालखा/कुलदीप सिंह**
**विकसित** भारत यात्रा बुधवार को समालखा के मॉडल टाऊन क्षेत्र में पहुंची। जहां पर भाजपा नेता शिवकुमार जैन ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलवाई और सम्बोधित भी किया।
भाजपा नेता शिवकुमार जैन ने कहा कि वर्तमान सरकार में गरीब आदमियों के लिए बेशुमार योजनाएं हैं। पहले गरीब आदमी कर्ज लेकर ईलाज करवाता था लेकिन सरकार ने आयुष्मान कार्ड देकर सभी गरीब लोगों को खुशहाल कर दिया है। वित्तिय दृष्टिद से हमार देश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है।
उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रद्ध बनाने का संकल्प रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना के तहत 50 करोड़ खाते खुलवाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत यात्रा गांव-गांव, गली-गली और शहरों तक भेजी जा रही है ताकि अंतिम व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। महिलाओं के लिए उज्जवला योजना शुरू की गई है। मैरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही है। इस मौके पर, तहसीलदार राहुल राठी डा० निकी नगर पालिका प्रधान अशोक कुच्छल , एम ई जेई गोरव कुमार एम ई राजकुमार पार्सद नरेश कौशिक विनोद बाल्मिकी अनिल कालीरमन कप्तान छोक्कर रेणु धिमान, विपिन छाबड़ा, कैलाश चन्द्र, मनीष शर्मा कोमल इत्यादि उपस्थित रहे।

# भव्य मंदिर में विराजेंगे बालक रामः संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**
**लाडवा के** बजाजा बाजार के शिव दीवाला मंदिर में अयोध्या में श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे देश के लोगों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। क्योंकि इस दिन भगवान श्री राम ने अयोध्या में बने राम मंदिर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब टैंट में नहीं, भव्य मंदिर में विराजेंगे बालक राम। यह हम सभी के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि



हम सभी ने इस पल को देखा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की धूम पूरे देश में रही उसको देखकर लगता है यह कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन आज देश की जनता बेहद खुश नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि अब हम सभी का भी एक कर्तव्य बनता है कि आने वाली पीढि?ों को हमें श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बारे में बताना है। वहीं मंदिर के पुजारी पं. तुलसीनंद व श्रद्धालुओं ने समाजसेवी संदीप गर्ग को सम्मानित किया। मौके पर घनश्याम काम्बोज, राजेश वर्मा, विपिन कुमार, नरेश नौटियाल, आकाश, सुमित गोयल आदि मौजूद थे।

# संसार के सभी धर्म मानवीय मूल्यों का स्वीकार करते हैः डा. श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**भारत** आदिकाल से सम्पूर्ण जीवजगत का हितैषी एवं समभाव का संवाहक रहा है। धर्म मानव कल्याण, नैतिकता, मूल्यों, जनकल्याण, समभाव की ओर समाज को प्रेरित करते हैं। विविध धर्मो के समान मुलभूत मान्यता, विश्वास, आदर्श, तत्व, मूल्य, नीति आदि की पुनः प्रतिस्थापना समाज को सर्वधर्म समभाव की ओर ले जाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने आर्यसमाज, हुडा, पानीपत द्वारा श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किये।



कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना में हिन्दू ,मुस्लिम, सिख, ईसाई व जैन धर्म के प्रतिनिधियों ने अपने अपने धर्म के विचार प्रस्तुत किये। जिनके विचारों को विशाल जन समूह ने ध्यानपूर्वक सुना।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा संसार के सभी धर्म मानवीय मूल्यों का स्वीकार करते है। रामचरितमानस में विविध मानवीय मूल्यों पर बल दिया है। त्रिशरण, चार आर्यसत्य, पंचशील, आर्य अष्टांगिक मार्ग आदि में समाहित मानवीय मूल्यों का स्वीकार किया गया है। आज शिक्षा की माध्यम से मानवीय मूल्यों को प्रधानता देने की आवश्यकता है। विभिन्न धर्मो की व्यापकता, विशालता एवं सार्वभौमिकता में अंतरों के बावजूद मुलभूत मान्यता, नैतिक मूल्य, मानव कल्याण एवं जनकल्याण के तत्व आदि में समानता है। मुलभूत मान्यताएँ, वैचारिक प्रकृति, ईश्वर का स्मरण, प्रार्थना स्थल, प्रेषित, प्रतीक आदि की उपस्थिति दिखाई देती है। हिंदु, बौद्ध, जैन, शिख, इस्लाम, ईसाई आदि विविध धर्म में मानवीय मूल्य समाहित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद पानीपत के उपप्रधान एवं आर्यसमाज हुडा पानीपत के प्रधान समाजसेवी आर्य सुरेश मलिक ने किया। उन्होंने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन समाज की रक्षा एवं समता के लिए समर्पित था।आर्यसमाज के आचार्य योगेन्द्र जी ने स्वामी दयानंद जी महाराज के कल्याणकारी विचारों को प्रस्तुत किया। वैदिक विद्वान स्वामी ब्रह्मानंद जी ने धर्म की स्थापना में राजा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुस्लिम समुदाय के मौलवी हाफिज महमूद साबरी साहब ने कुरान की आयत को लेकर अपनी बात कही तथा सभी आपसी सौहार्द के साथ रहें इस प्रकार के विचारों को रखा। सिक्ख समाज के प्रतिनिधि के रूप में आए सरदार सतनाम सिंह जी ने गुरु नानक जी को याद करते हुए उनके राष्ट्र के प्रति कार्यों को स्मरण कराया तथा राष्ट्र धर्म और मानवता का धर्म ही सबसे बड़ा बताते हुए अपनी बात कही।क्रिश्चियन संप्रदाय के प्रतिनिधि के रूप में आए पाल एन कृपयाकरण ने बताया कि बाइबिल किस तरह मानव होने की बात कहती है।

# समर्थ फाउंडेशन ने आदर्श नगर में निकाली विशाल शोभा यात्रा









**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**500 साल** बाद अपने निजधाम अयोध्या में विराजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में हर जगह उत्सव का सा माहौल है। इस शुभ घड़ी को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के आदर्श नगर एक्सटेंशन में समर्थ फाउ़डेशन द्वारा विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की तादाद में रामभक्त मौजूद रहे। शोभा यात्रा में जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

**ढ़ोल नगाड़ो की धुन पर थिरके रामभक्तः** इस दौरान श्रीराम के ध्वज के नीचे अश्व आगे चला, पीछे भगवान श्रीराम के पटके व झंडे उठाकर राम भक्त ढोल नगाड़ों की धुनों पर झूमते हुए नज़र आए।

**भव्य आयोजन**

**इस दौरान हजारों की संख्या में रामभक्त मौजूद रहे और जय श्रीराम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा**

**यात्रा में कौन-कौन रहा शामिलः** शोभा यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद मुकेश गोयल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व निगम पार्षद गरिमा गुप्ता, समाजसेवी विनोद गर्ग, दीपक गर्ग, पवन गुप्ता, भगवान दास वगेला, अनिल जैन, सुशील गर्ग, बेअंत सिंह (बिट्टू), समाजसेवी सतीश बंसल सहित अन्य गणमान्य लोगों की शोभा यात्रा में बढ़-चढ़ कर भागीदारी रही। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।











# मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में जनता की रसोई ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड-68 स्थित पार्ट-तीन में सालों से चल रहे जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित जनता की रसोई में इस बार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जिसमें लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता, मॉडल टाउन कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सहगल, रमेश जैन, शिव शंकर नरूला, संजीव शर्मा, ब्रिज किशोर, प्रेम, दादू जी, आशीष, विरेंद्र सिंह, नितिन बंसल सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर विजय मेहता ने कहा कि भगवान श्रीराम 500 साल बाद अपने निजधाम विराजित हुए है, जिससे पूरा देश दिवाली के रूप में मना रहा है, पूरे देश में खुशी का महौल बना हुआ है। संजय सहगल ने कहा कि इस बार जनता की रसोई में लगभग दो हजार लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रसाद चखा। जहां एक ओर लोगों की सेवा करने की खुशी मिल रही थी, वहीं दूसरी ओर 500 साल बाद भगवान राम अयोध्या में विराजमन हुए जिसको लेकर लोगों की खुशी का ठिकाना न था। भगवान श्रीराम सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें ऐसी प्रार्थना करता हूं।







# श्याम कथा के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**बाहरी दिल्ली** के नरेला में चल रही तीन दिवसीय शीश के दानी की संगीतमय अमर कथा के समापन पर मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस बीच कथा व्यास ने अनेकों प्रसंग सुनाए। जिसे सुन बड़ी संख्या में मौजूद भक्त भाव विभोर हो गए।

नरेला की पुरानी अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से पहली बार श्री श्याम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आस-पास के क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

पांच दिवसीय 'श्री श्याम अमृत वर्षा महोत्सव' के अंतर्गत शीश के दानी की अमर कथा के समापन पर व्यास पीठ से कथा व्यास ब्रज रसिक प्रेमानंद शुक्ला जी ने बर्बरीक का नामकरण, शिव शक्ति की साधना, तीन बाण की प्राप्ति, भस्म और भभूति की महिमा, देवी आराधना, मां को हारे का सहारा देने का वचन, शीश दान की कथा, खाटू श्याम में बाबा श्याम का शीश के रूप में प्राकट्य, बाबा श्याम के निशान की महिमा, शीश की महिमा आदि की कथा का सुंदर प्रसंग विस्तार से सुनाया।

संगीतमय कथा का वर्णन सुनकर भक़्त भाव विभोर होकर झूमने लगे। इस दौरान श्री श्याम मस्ताना मंडल के सदस्यों पदाधिकारियो ने मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट, अतिथियों सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब नरेला के प्रधान विष्णु भारद्वाज, मेन बाजार नरेला मर्चेंट एसोसिएशन के सभी



पदाधिकारी, आचार्य नंदकिशोर गोस्वामी का श्याम प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास प्रेमानंद शुक्ला ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। धर्म ग्रंथो में भी इसे ईश्वर की सेवा का दर्जा दिया गया है। इसलिए माता-पिता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। जिस प्रकार बर्बरीक ने अपने माता-पिता की सेवा करके श्री कृष्ण के आदेश अनुसार तपस्या करके तीन बाण प्राप्त किए और वह तीन बाणधारी कहलाए। इन तीन बाणों से वे हारने वाले को भी जीताने की क्षमता रखते हैं। यह सब उनकी मातृ-पितृ भक्ति, भगवान कृष्ण की कृपा के कारण हुआ। श्री कृष्ण ने बर्बरीक को वरदान दिया था कि वे कलयुग में श्याम के नाम से पूजे जाएंगे। इसके बाद वह खाटू श्याम के नाम से प्रसिद्ध हो गए और उनकी पूजा कलयुग में सर्वाधिक होती है। जो सच्चे मन और समर्पित भाव से बाबा की पूजा करता है उसकी मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। शुक्ला जी ने बाबा श्याम को कलयुग का तारणहार बताते हुए कहा कि उनकी भक्ति और उनकी शरणागति मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा समापन पर आरती की गई और श्रद्धालुओं में छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे के आयोजन में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

श्याम कथा में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से संस्थापिका शालिका अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक रणवीर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक रामा खत्री, संरक्षक विपिन अग्रवाल, संरक्षक प्रतीक बंसल, मार्गदर्शक अजय कुमार, विवेक अग्रवाल, प्रचार मंत्री पारस जैन, अंकित सक्सेना, पूर्ण भगत, वीरेंद्र गर्ग, महावीर, अमित, पंकज, अमित शर्मा, जितेंद्र शेट्टी, बंटी गर्ग, राहुल मंगला, अमित बंसल, सुनील पहलवान, विकास बंसल, श्रवण कुमार भविष्य गर्ग एकलव्य शर्मा,तक्षु गोयल, चिराग गर्ग, प्रतीक गर्ग, मधु, रानी, मीनू, रेनू, नेहा, नंदनी, ज्योति, मंजू, रीतू गुप्ता, रामा नहरा, एनम अग्रवाल , रक्षा गर्ग, अन्वी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।



**करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, सुजीत सिंह, चंदन चौबे, गौरव शर्मा व महिला जिलाध्यक्ष प्रिया जयंत ने वरिष्ठ पत्रकार अश्वनी कुमार भारद्वाज, मांगे राम शर्मा ऑब्जर्वर मुस्तफाबाद विधानसभा को शॉल पहनाकर उनको सम्मानित किया।**

# क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं विशेष ध्यान: टिम्सी सुरेश शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी में सीवर कनेक्शन देने के कार्य का उद्घाटन किया गया।

पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक अजेश यादव के प्रयास से स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी में सीवर लाइन का संचालन शुरू हो चुका है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जल्द ही पूरी कॉलोनी के घरों में सीवर कनेक्शन करा दिये जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने दी फरीदाबाद जिला में 270 करोड़ रुपये की धनराशि की विकास परियोजनाओं की सौगात

**आभार**

**8 कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने किया मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का किया आभार व्यक्त**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज बुधवार को जिला फरीदाबाद के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से कुल 15 परियोजनाओं में 7 का उद्घाटन व 8 शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने किया मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष कमरा नंबर 603 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे और साथ ही विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद प्रशासक श्रीमती गरिमा मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज फरीदाबाद सहित हरियाणा को 2034 करोड़ रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। इनमें मुख्य रूप से सबसे ज्यादा धनराशि के विकास परियोजनाओं में 270 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न विकास परियोजनाएं रही हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला की 270 करोड़ रुपये की धनराशि की परियोजनाओं का मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 7 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिनमें बडखल झील पर 2092 लाख, वेंटो नाइट ट्रीटमेंट प्लांट पर 190 लाख, मल्टीग्रेटिड पार्किंग पर 1673, बराही तालाब का नवीनीकरण पर 1059 लाख, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव पर 485 लाख, आरएमसी रोड गुरुग्राम कैनाल पर 1100 लाख और 66 केवी सब स्टेशन सेक्टर-37 पर 1650 लाख की धनराशि खर्च कर पूरा किया गया है। वहीं शिलान्यास परियोजनाओं में एफएमडीए के 51 करोड़ 48 लाख रुपये की धनराशि के तीन रैनीवैल, 2750 लाख रुपये की धनराशि के सूरज कुण्ड और 1320 लाख रुपये की धनराशि के ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक-एक 66 केवी सबस्टेशन, 1700 लाख रुपए की धनराशी का राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में 500 सीटों का ऑडिटोरियम तथा टीचिंग ब्लाक का निर्माण, 1600 लाख रुपये की धनराशी का बल्लभगढ़-तिगांव- मंझावली रोड, 2280 लाख रुपये की धनराशि से सेक्टर-16 में व्यवसायिक कम्लैक्स और 504 लाख रुपये की धनराशि से फतेहपुर चंदीला गांव फरीदाबाद ओल्ड में चौपाल रोड, हाई मास्क लाइटिंग और गार्डनिंग के कार्य शामिल हैं।

# हरियाणा के 5 लाख नए मतदाताओं से वर्चुअली जुड़ेंगे मोदी :नायब सैनी




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रदेशभर के लगभग 5 लाख नए मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल जुड़ेंगे। इसको लेकर हरियाणा भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है।

बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा में 200 स्थानों पर युवा सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें लगभग 5 लाख नए मतदाता वर्चुअली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। प्रदेश सचिव राहुल राणा को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम जिन 200 स्थानों पर होंगे, वह तय कर लिए गए हैं। इन सभी स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से नए मतदाताओं का प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से अपील की है कि इन तय किए गए स्थानों पर पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा नव मतदाता युवा प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन को सुनें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मतदाता दिवस पर देशभर में पांच हजार स्थानों पर युवा सम्मेलन आयोजित होंगे और इन सम्मेलनों को वर्चुअली प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा ही वह शक्ति है जो देश को नया भारत बनाने में अपना बड़ा योगदान देती है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारी युवा शक्ति को अहम योगदान निभाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को विकास की राह पर तेजी से लेकर जा रहे हैं। देश के विकास में सभी युवाओं की साझीदारी हो इसके लिए पहली बार वोट डालने वाले नव मतदाताओं से प्रधानमंत्री मोदी बातचीत करेंगे। नायब सैनी ने कहा कि 2014 में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में और 2019 में उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाने में युवाओं की अहम भूमिका रही है।

# 75वें गणतंत्र दिवस समारोह की हेली-पैड ग्राउंड में हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

**रिहर्सल**

**8 डीसी विक्रम सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण किया**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में आज बुधवार को ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आपको बता दें आज अंतिम रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। गणतंत्र समारोह की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा होंगे। डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9:58 पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने ध्वजारोहण के बाद एसीपी मोनिका के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। डीसी विक्रम सिंह ने आज बुधवार को 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए स्थानीय सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में संपन्न हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए। 26 जनवरी को बड़खल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले 75 वें उपमण्डल स्तरीय समारोह में विधायक सीमा त्रिखा और बल्लभगढ़ में पलवल के विधायक दीपक मंगला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि सेक्टर-12, हेलीपैड ग्राउंड में परेड में शामिल सभी टुकडि?ं भव्य मार्च पास्ट में शामिल हुई तथा मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए डीसी विक्रम सिंह को सलामी दी। परेड कमाण्डर एसीपी मोनिका के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी (पुरुष), हरियाणा पुलिस टुकड़ी (महिला), हरियाणा होमगार्ड टुकड़ी, एनसीसी सीनियर आर्मी की टुकड़ी, एनसीसी सीनियर आईटीआई की टुकड़ी, एनसीसी जूनियर नेवई डिवीजन विंग टुकड़ी, रेड क्रॉस ब्रिगेड टुकड़ी, भारतीय स्काउट टुकड़ी, भारत गर्ल्स गाइड्स की टुकड़ी, एसपीसी एनआईटी-5 की टुकड़ी, हरियाणा नेवल यूनिट, हिंदुस्तान गाइड्स, एनएसएस ओल्ड फरीदाबाद, और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट में भाग लिया गया। समारोह में देशभक्ति व देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत गीतों पर राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर-2 की छात्राओं ने मेरे घर राम आए है गेट पर, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओल्ड के विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत जय हो तथा राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीत मैं सू हरियाणे की छोड़ी गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# चोरी की मोटर साइकिल खरीदने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के वाहन खरीद कर चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोनू वासी गाँव रुही जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का तथा वर्तमान में मलेरना रोड़ बलल्बगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सारन स्कूल के पास से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**समीक्षा बैठक**

**8 5 करोड़ 68 लाख की लागत से पथवारी माता के मंदिर का काम करें जल्द से जल्द शुरू**



**टीम एक्शन इंडिया/ बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर एसडीएम कार्यालय में नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों के साथ आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बल्लबगढ़ के लघु सचिवालय में आयोजित इस बैठक में परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के द्वारा की गई घोषणा के तहत चल रहे कार्यों को गति देने और समय पर पूरा करने व अभी तक शुरू न होने वाले कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की पथवारी माता मंदिर के जीर्णोद्धार जोकि लगभग 5 करोड़ 68 लाख की लागत से होना है उसे भी जल्द से जल्द शुरू करने के लिए निगम के अधिकारियों को कहा है। अधिकारियों ने इस पर कहा की पथवारी मंदिर जीर्णोद्धार की टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी होने वाली है उसके बाद कार्य शुरू किया जाएगा। परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने की कहा कि मुजेसर गांव में महाभारत काल से जुड़े धार्मिक तालाब बाबा हिदेर्राम के जीर्णोद्धार कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने के बारे में दिशा निर्देश दिए।

ये महानुभाव रहे बैठक में उपस्थित:-इस बैठक में बल्लबगढ़ एसडीएम त्रिलोक चंद,जॉइंट कमिश्नर एमसीएफ करण भदौरिया,चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कर्दम, एक्सईएन ओपी कर्दम,एससी ओमबीर सिंह भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य पारस जैन सहित निगम के जेई और एसडीओ मौजूद रहे।

# एसडीएम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण पूर्वाभ्यास का किया अवलोकन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा की एसडीएम अदिति की अध्यक्षता में नई अनाज मंडी घरौंडा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण ड्रेस सहित अंतिम पूर्व अभ्यास का अवलोकन किया गया, जिसमें घरौंडा के सभी विभाग अध्यक्षों ने भाग लिया। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। एसडीएम ने नई अनाज मंडी में मास पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व अभ्यास का अवलोकन किया। इस दौरान तहसीलदार गुरुदेव व चयन समिति के सदस्यों की देखरेख में संस्कृत कार्यक्रमों की टीमों का भी चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस समारोह में सामूहिक मास पीटी शो लेजियम रिंग ड्रिल व डंबल, एनसीसी प्लाटुन, स्कूल के बच्चे व हरियाणा पुलिस की टुकडि?ा इसमें भाग लेंगी।

# भाकियू नेताओं ने प्रस्तावित ट्रेक्टर परेड की अंतिम तैयारियों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने गण्तंत्र दिवस पर सीएम सीटी में निकाली जाने वाली ट्रे1टर परेड की अंतिम तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधू सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित की गई विशेष बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं से मुखातिब होते हुए किसान नेता मान ने कहा कि 26 जनवरी को ट्रेक्टर परेड प्रदेश में एक नया इतिहास बनाएगी। ट्रेक्टर परेड को लेकर किसानों व मजदूरों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ट्रेक्टर परेड में ट्रेड यूनियनों सहित कई संगठन भाग ले रहे हैं।

मान ने कहा कि जिला करनाल मुख्यालय सहित असंध व निसिंग कसबा में ट्रेक्टर परेड निकाली जा रही है। किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ट्रेक्टर परेड शांति पूर्ण तरीके से निकाली जाएगी। जहां तक संभव हो सके किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत न आने पाए। मान ने कहा कि रेलवे रोड़ स्थित रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे सभी ट्रेक्टर पहुंचेगें। वहां से सभी ट्रेक्टरों पर किसानी व राष्ट्रीय झंडे लगाकर शांति पूर्ण तरीके से ट्रेक्टर परेड आरंभ की जाएगी, जिसका पुरानी सब्जी मंडी व कुंजपुरा रोड़ से होते हुए जिला सचिवालय पर समापन होगा।

इस अवसर पर भाकियू प्रवक्ता सलिंद्र सागवान, शहरी प्रधान कृष्ण जागलान, शेरू मान, राजेंद्र मान, कार्यालय सचिव रामेश्वर दादुपुर, भरतरी मान, राम सिंह राणा, राजा राम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321 ए द्वारा परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321 ए-1 के सभी लायन साथियों के साथ जे बी नॉलेज पार्क मंझावली मे एक पिकनिक और परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें सभी लायन्स फैमिली ने भाग लेकर प्रोग्राम का आनंद लिया इसमें क्रिकेट मैच भी रखा गया जिसमें जिला ए-3 और जिला ए-1 की टीम का मैच हुआ जिसमें डिस्ट्रिक ए-1 की टीम विजय घोषित हुई, कैप्टन टी एस बेदी व उनकी टीम को सम्मानित किया गया ट्रॉफी दी गई। मुख्य रूप से पिकनिक के अंदर सभी लायन साथियों के साथ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप सिंघल, मल्टीपल ऑफिसर अनिल अरोड़ा, पूर्व गवर्नर तेजपाल खिल्लन, इंटरनेशनल डायरेक्टर के एम गोयल, एन के गुप्ता उप गवर्नर, ओनकार, रेणु, एम एल अरोड़ा, नरगिस गुप्ता, आर के चिलाना, राजेश गुप्ता,अतुल अग्रवाल, जयदीप कत्याल, मुकेश अरोड़ा, आर के जग्गी, आर पी ओझा, अशोक अरोड़ा, जे एम मल्होत्रा, लोकनाथ कलर आदि लोगों ने हिस्सा लिया। मल्टीपल ऑफिसर अनिल अरोड़ा ने डिस्ट्रिक ए-1 और डिस्ट्रिक ए-3 से आए सभी मेहमानों का स्वागत और धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से भाईचारा बढ़ता है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया होनहार छात्राओं को सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी श्री विक्रम सिंह, क्अर के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल में बालिका दिवस फरीदाबाद में हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी ठक्ळ-1 में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मंजू श्योराण, महिला एवं बाल विकास विभाग अध्यक्षता में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सीएसआर/ उरफ जरिये आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी श्रीमती नेहा राठी,इन्चार्ज/ ल्लूँश्री दुर्गा शक्ति एप/अस्त्रस्त्र ने स्कूल की किशोरियों को आत्म-रक्षा के गुण सिखाये एवं लड़कियों को खेल कूद करने बारे प्रोत्साहित किया गया। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया उरफ से श्रीमती रंजना टंडन, विनोद कुमार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती मंजू श्योरान द्वारा स्कूल में पढ़ रही किशोरियों को 450 मासिक धर्म स्वच्छता किट जिसका लक्ष्य मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना,मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ना और मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मासिक धर्म के समय पर लिए जाने वाले पोषण व साफ सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योरन ने कार्यक्रम में आने के लिए सभी स्वागत करके आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया गया। वहीं पीओसीएसओ/ ढडउरड की जानकारी देते हुए बतौर वक्ता गरिमा तोमर, बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी बच्चों को पोस्को एक्ट ढडउरड अ्३, 2012 के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा गुड-टच, बैड-टच बारे अवगत करवाया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी वितरित किये गए। साथ ही जिन छात्राओं ने दसवीं व बारहवीं में पढाई में अव्वल स्थान पाया है उन्हें और जिन छात्राओं ने खेलों में अच्छा स्थान प्राप्त किया है, उन्हें भी पुरस्कार दिए गए। सभी किशोरियों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ के ब्रोशेर, पम्फ्लेट्स तथा कप वितरित किये गए।

# एल्बेंडाजोल की गोली पूर्णतया सुरक्षित एवं प्रभावशाली: डा. वैशाली शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बुधवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समन्वयक कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक से 19 वर्ष के सभी बच्चों एवं 20 से 24 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं जो गर्भवती न हों तथा स्तनपान न करवा रही हों, को कृमि मुक्त करना है।

सिविल सर्जन करनाल डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के तहत 15 फरवरी को जिला के 1 से 19 वर्ष आयु के लगभग 4.8 लाख बच्चों को सभी सरकारी व निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश छूट जाएंगे, उन्हें 20 फरवरी को मोपअप राउंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि बच्चों में खून की कमी का एक मुख्य कारण कृमि होते हैं, जिस कारण बच्चों के विकास में कमी आ जाती है। इसलिए अपने घरों में आसपास के इलाके में साफ सफाई का ध्यान रखें, खाने-पीने की चीजों को ढककर रखें। फल व सब्जियों को उपयोग से पहले साफ पानी से धोएं तथा साफ पानी पिएं, मिट्टी में खेलते व चलते समय जूते चप्पल पहनें, खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें एवं खाना खाने से पहले व शौच जाने के बाद हाथ साबुन से अवश्य साफ करें, ताकि कृमि रोग से बचा जा सके।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ.केशव वधवा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, कॉलेज व आईटीआई के माध्यम से बच्चों को कृमि मुक्ति करने के लिए गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने कृमि संक्रमण के लक्षण व एल्बेंडाजोल की गोली खाने के फसयदे भी बताए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली पूर्णतया सुरक्षित एवं प्रभावशाली है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में पूरा सहयोग देकर इसको सफल बनाएं तथा आमजन से अपील की की 15 फरवरी वह 20 फरवरी को स्कूलों में आंगनबाड़ी केदो के माध्यम से दी जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोली को अपने भविष्य को अवश्य खिलाएं, ताकि भारत की भावी पीढ़ी को तंदुरुस्त बनाए जा सके।

इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉक्टर कैलाश, डॉक्टर सरोज, डॉक्टर नीलम चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर लविश, जिला आशा कोऑर्डिनेटर संजीव मौजूद रहे।

# जिला में आज मनाया जाएगा 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस: डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरुवार 25 जनवरी 2024 को ह्यवोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल थीम पर जिला में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश हरिराम ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शहर के राजकीय नेहरू महाविद्यालय परिसर में मनाया जाएगा। नगराधीश ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला के मतदाताओं व विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधित शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन जिला के विद्यालयों, महाविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरक हेतु ह्यवोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल विषय पर विभिन्न गतिविधियां जैसे-निबंध, वाद-विवाद, प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया करनाल 25 जनवरी 2024 पृष्ठ 12 आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417



# प्राचीन शिव मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

## जलाए गए 15000 दीपक, आदर्श रसोई रही प्रमुख सहयोगी संस्था, हजारों की संख्या में शामिल हुए राम भक्त















**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

दिल्ली के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर समिति द्वारा प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक एक के बाद एक कार्यक्रमों ने राम भक्तों को बांधे रखा। सुबह पूर्जा अर्चना के बाद सुदंरकांड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या से लाईव प्रसारण जारी रहा। इसके बाद रामलला की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठित होते ही सुमंगल गान हुआ। श्री राम जी की आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद के रूप में फलों और हलवे का वितरण किया गया। इसके ठीक बाद काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न इलाकों से आए कवियों ने अपनी वाणी से राम मंदिर के संदर्भ में काव्य पाठ किये। इसी तरह कार्यक्रम चलते रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी रहे।

**शाम होते ही जलाए गए दिये**

शाम होते ही बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने दिये जलाए। सभी में उत्साह और भक्ति



भाव देखने योग्य था। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और आराध्य के प्रति अपना समर्पण भाव दिखाया।

**कारसेवकों को किया गया सम्मानित**

इस दौरान 20 कारसेवकों को सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में सभी को रामचरित मानस भेंट की गई।

**ये रही मुख्य सहयोगी संस्थाएं:** इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने में संयोजक की भूमिका निभा रही प्राचीन शिव मंदिर केवल पार्क समिति के अलावा आदर्श रसोई(राकेश भारद्वाज चौक), दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा आदर्श नगर क्षेत्र, रामायण प्रचार समिति आदर्श नगर, लखदातार समिति, इन्द्रप्रस्थ सीनियर सीटीजन ने प्रमुख भूमिका निभायी।

**वरुण त्यागी की अगुवाई में युवा टीम ने संभाला मोर्चा**

कार्यक्रम को सफल और भव्य रूप देने में वरुण त्यागी और उनकी पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की रूपरेखा से लेकर व्यवस्था को बनाने और संभालने में वरुण की टीम ने अग्रणी भूमिका निभाई, जिसकी हर ओर प्रशंसा की गई।

**ये लोग रहे मौजूद:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डा प्रदीप अग्रवाल, पार्षद नेहा अग्रवाल, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, भाजपा नई दिल्ली जिले के प्रभारी अजय शर्मा, हरीश भारद्वाज, प्राचीन शिव मंदिर के प्रधान चौधरी ओम प्रकाश, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के प्रधान सुरेन्द्र चोपडा, चेयरमैन मोहन गर्ग, संरक्षक सतपाल यादव, उमेश शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, राजेन्द्र साहू, पम्मी मल्होत्रा, कपाही जी, राकेश बिंदल, संदीप मुद्गल, किशन भारद्वाज, ओम प्रकाश कौशिक, देश राज गुप्ता, राधे मोहन गुप्ता, सुनील अवस्थी, युवा टीम वरुण त्यागी व अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। इसमें हजारों लोगों मौजूद रहे।



































